RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-359 जयपुर, बुधवार, 24 जून 2026 मूल्य-4 रुपये

### रामंदिर चढ़ावा चोरीः एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी

## पांच साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट, ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश

### 20 पेज की रिपोर्ट में एफआईआर, किसी को नहीं मिली क्लीनचिट

अयोध्या



अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का CEO नियुक्त करने का भी सुझाव है। डिटेल जांच के लिए SIT ने और समय मांगा है।

रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है।

सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। राज्य सरकार रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजेगी। इसके बाद गृह मंत्रालय तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए।

राम मंदिर चोरी मामले में 5 आरोपियों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है। इसके अलावा, चंपत राय के करीबी टिन्नू के घर से सोना मिला था। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, चोरी 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है।

#### राम मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन होगा, नए ट्रस्टी जुड़ेंगे

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की शुरुआती जांच रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय तक पहुंच गई है। विशेष जांच दल ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में किसी को क्लीन चिट नहीं दी है।

एसआईटी ने विस्तृत जांच पूरी करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय मांगा है। मंदिर के प्रबंधन को व्यवस्थित करने, ट्रस्ट का पुनर्गठन करने वहां एक जिम्मेदार अथॉरिटी बनाने की सिफारिश की है।

लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गठित दल ने करीब छह दिन अयोध्या में रहकर जांच की। एसआईटी ने मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंप दी। करीब 15-20 पेज की रिपोर्ट में एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक पड़ताल दी है। इसमें मंदिर के कर्मचारी रामशंकर यादव, अनुकल्प, करुणे, लवकुश, अवनीश, सोमेश आनंद सहित अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता की बात की है। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सकता है।

#### सवा साल तक चलता रहा दान राशि के गबन का खेल

राम मंदिर के दानपात्रों से चढ़े हुए रुपयों को पार करने का यह सिलसिला पिछले करीब सवा साल से बिना किसी रोकटोक के लगातार जारी था। संदिग्ध कर्मचारी नियमित रूप से दानपात्रों से आने वाली भारी-भरकम नकदी को सुरक्षाकर्मियों की आंखों के सामने इधर से उधर कर गायब कर रहे थे। हेरफेर का यह खेल पिछले साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ और इस साल के माघ मेले के दौरान अपने सबसे चरम स्तर पर पहुंच गया था, जब देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए उमड़े थे। चढ़ावे में हुई बेशुमार बढ़ोतरी का फायदा उठाते हुए गिनती करने वाले इन शातिर चोरों ने एक-एक दिन में ही करीब 10 से 15 लाख रुपये तक की चंदे की राशि को सीधे पार कर दिया था।

## राष्ट्रपति पद्म अवॉर्ड के दूसरे फेज में 65 हस्तियों को सम्मानित किया

### क्रिकेटर रोहित शर्मा पद्मश्री से सम्मानित, सिंगर अलका याग्निक ने पद्म भूषण





नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड के दूसरे फेज में 65 हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 56 पद्मश्री दिए गए।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस केटी थॉमस को जनसेवा, सीनियर मलयालम जर्नलिस्ट पी नारायणन को साहित्य के लिए पद्म विभूषण दिया गया। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया। अवॉर्ड लेने उनकी पत्नी रूपी सोरेन पहुंची। सिंगर अलका याग्निक ने अवॉर्ड लेने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी के पैर छुए। क्रिकेटर रोहित शर्मा, एक्टर आर माधवन को पद्मश्री से नवाजा गया। पुरस्कार पाने वालों में एक्टर ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी शामिल रहे। 2026 के पद्म पुस्कारों के लिए कुल 131 लोगों को चुना गया था। इससे पहले 25 मई को पहले चरण में भारतीय वुमन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत कौर, एक्टर धर्मेंद्र समेत 66 हस्तियों पद्म अवॉर्ड दिए गए थे।

पद्मश्री प्राप्त करने वाली हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया भारतीय महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान, मौजूदा गोलकीपर हैं। इन्हें भारतीय महिला हॉकी की 'द ग्रेट वॉल' के नाम से जाना जाता है। लगातार तीन बार FIH गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वे कई पीढ़ियों की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

इंडोलॉजी की मशहूर प्रोफेसर और भाषाविद् डॉ. ल्यूडमिला खोखलोवा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

उन्होंने रूसी, अंग्रेजी और हिंदी में 6 किताबें और 92 रिसर्च पेपर लिखे हैं।

### गुजरात में आप विधायक को 7 साल की जेल

नर्मदा (गुजरात)

गुजरात में डेडियापाड़ा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। नर्मदा जिले की कोर्ट का फैसला आने के बाद गुजरात के डिप्टी स्पीकर पूर्णेश मोदी ने इसकी जानकारी दी।

नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं।

## दिल्ली में 11 साल की मासूम की रेप-हत्या, आरोपी का एनकाउंटर

### क्राइम सीन ले जाते वक्त भागने की कोशिश, पैर में गोली लग

नई दिल्ली



दिल्ली में 11 साल की बच्ची के रेप और मर्डर का आरोपी पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। आरोपी को क्राइम सीन पर ले जाते समय वह कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने पैर में गोली मारी। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है।

पीड़ित गुब्बारा बेचने वाली थी। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने PCR कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने CCTV फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सड़क से गुजरते समय उसने सीडीआर चौक के पास फुटपाथ पर बच्ची को सोते हुए देखा था। उसने नींद में ही बच्ची को उठाया और कार की पिछली सीट पर लिटाकर महरौली के जंगलों में ले गया था, जहां उसने वारदात को अंजाम दिया।

### इंदौर के सोनम-रघुवंशी जैसी खौफनाक वारदात पुणे में भी

## प्रेमी संग मिलकर मंगेतर को 400 फीट गहरी खाई में धकेला

### नवंबर में शादी थी

पुणे

पुणे में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड से मिलती-जुलती वारदात सामने आई है। यहां 26 साल के केतन विशाल अग्रवाल की उनकी मंगेतर सिया गोयल (20) और उसके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22) ने मिलकर हत्या कर दी।

पुलिस का आरोप है कि दोनों ने केतन को लोहागढ़ किले से करीब 400 फीट गहरी खाई में धक्का दिया और इसे हादसा बताने की कोशिश की। केतन 18 जून को अपने मंगेतर सिया के साथ पुणे के लोहागढ़ किले पर ट्रेकिंग के लिए गए थे। बाद में उनका शव खाई से मिला।



### केतन रियल एस्टेट कारोबारी थे, सिया बिजनेसमैन की बेटी

केतन पुणे जिले के गहुंजे के रहने वाले थे और परिवार के रियल एस्टेट कंपनी में डायरेक्टर थे। वहीं सिया पुणे के एक बड़े मसाला व्यापारी की बेटी है। इस साल नवंबर में राजस्थान के उदयपुर स्थित एक शाही पैलेस में दोनों की शादी होने वाली थी।

यह शादी दोनों के परिवारों ने तय की थी। घर में तैयारियां भी शुरू थीं। मेहमानों के लिए दो चार्टर्ड प्लेन की व्यवस्था भी की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी पर परिवार करीब 17 करोड़ खर्च करने वाला था।

**लोहागढ़ में प्री-वेडिंग शूट का प्लान थाः** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केतन और सिया शादी से पहले बाली घूमने जाने वाले थे। सारी बुकिंग भी हो गई थी लेकिन सिया ने पासपोर्ट खोने की बात कहकर ट्रिप कैंसिल करा दी।

केतन ने सिया के बर्थडे के लिए महाबलेश्वर के एक लग्जरी रिसॉर्ट में 40 कमरे बुक कराए थे। लोहागढ़ किले पर प्री-वेडिंग फोटोशूट की भी तैयारी चल रही थी।

जांच में सामने आया कि सिया और उसके बॉयफ्रेंड चेतन ने 14 जून को ही लोहागढ़ किले पर केतन को मारने की योजना बनाई थी। आरोप है कि दोनों ने सांप का डर पैदा कर उसे खाई में धकेलने की कोशिश की, लेकिन प्लानिंग फेल हो गई। केतन को भी शक नहीं हुआ। इसके बाद 19 जून को सिया ने दोबारा ट्रेकिंग का प्लान बनाया गया और केतन को किले से नीचे धक्का दे दिया गया।

## ममता जो सीट हारीं, वहां की ईवीएम-वीवीपीएटी सुरक्षित रखने का आदेश

### कलकत्ता हाईकोर्ट बोला- जरूरत पड़ने पर जांच होगी

कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट की मतगणना से जुड़े सभी अहम सबूत सुरक्षित रखने का आदेश दिया। अदालत ने रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई करते हुए कहा कि EVM, VVPAT, CCTV फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र बने शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, जरूरत पड़ने पर इन सभी साक्ष्यों की जांच होगी। अदालत की अनुमति के बिना इन्हें न तो मिटाया जाएगा, न बदला जाएगा, न नष्ट किया जाएगा और न ही इनके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ की जाएगी। अदालत ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को शामिल करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत शुभेंदु अधिकारी, उनके सलाहकार सुभ्रत गुप्ता और सुनील अग्रवाल को पक्षकार बनाया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज बैठक

## राष्ट्रपति से मिले पीएम, कैबिनेट फेरबदल की चर्चा

नई दिल्ली



मोदी सरकार की केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज मीटिंग होनी है। यह मीटिंग इसलिए भी अहम है क्योंकि एक दिन पहले दो हलचल देखने को मिली थीं। दरअसल मंगलवार सुबह केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो गया था और भाजपा ने उन्हें दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा।

कुरियन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस बीच शाम का राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार समारोह के बाद पीएम ने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

ऐसे में चर्चा है कि केंद्र सरकार जल्द ही कैबिनेट में फेरबदल कर सकती है। इस बार राघव गुट, ऊखष्ट और उद्धव गुट से आए सांसदों को मौका मिल सकता है।

**दो मंत्रियों को दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा गया**

भाजपा ने हालिया राज्यसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और रवनीत सिंह बिट्टू को दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया। जॉर्ज कुरियन का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को समाप्त हुआ और उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया।

रवनीत सिंह बिट्टू का कार्यकाल भी खत्म हो गया है, लेकिन उन्होंने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। नियमों के अनुसार बिट्टू छह महीने तक सांसद बने बिना मंत्री रह सकते हैं।

### भारत दवाओं का 65% कच्चा माल चीन से मंगाता है

## नीति आयोग बोला- किसी एक देश पर निर्भर रहना ठीक नहीं, अमेरिका से ट्रेड डील जल्द

नई दिल्ली

भारत दवाएं बनाने के लिए सबसे जरूरी कच्चे माल के लिए 65% तक चीन पर निर्भर है। नीति आयोग ने यह जानकारी मंगलवार को दवा उद्योग और वैश्विक व्यापार पर अपनी ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट में दी। आयोग ने रिपोर्ट में भारत के कुल इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट और एनर्जी सेक्टर का डेटा भी शेयर किया। आयोग के वाइस चेयरमैन अशोक कुमार लाहिड़ी ने बताया कि मिडिल ईस्ट संकट से यह सीख मिली है कि किसी एक देश या क्षेत्र पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत को तेल, गैस और अन्य ऊर्जा जरूरतों के लिए अलग-अलग देशों और स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसी संकट की स्थिति में परेशानी न हो।

लाहिड़ी ने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे और इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

### यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर नई दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक, सीआर पाटिल ने कहा-

## पाइपलाइन के माध्यम से जल संरक्षण के साथ व्यापक होगी वितरण व्यवस्था

### राजस्थान को जल्द मिलेगा अपने हिस्से का पानी, जल प्रबंधन को मिलेगी और मजबूतीः मुख्यमंत्री

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ यमुना जल परियोजना से संबंधित बैठक में भाग लिया।बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को अंतिम रूप दिया गया। किशाऊ बांध परियोजना से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'जल है तो कल है' की भावना के साथ राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यमुना जल परियोजना को प्रभावी एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत पानी को पारंपरिक नहर प्रणाली की बजाय पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचाने का प्रस्ताव है, जिससे जल संरक्षण सुनिश्चित होने के साथ ही वितरण व्यवस्था अधिक व्यापक बनेगी।

उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना से जुड़े छह राज्यों के मुद्दों का भी समाधान हो गया है और शीघ्र ही उससे संबंधित एमओए भी किया जाएगा। इससे राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित अन्य राज्यों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से भविष्य में जल संबंधी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यमुना जल परियोजना राजस्थान विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र एवं हरियाणा सरकार के सहयोग से परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दशकों से लंबित परियोजनाओं को गति मिल रही है तथा राज्यों के बीच जल संबंधी मुद्दों का सकारात्मक समाधान निकल रहा है। राजस्थान को भी यमुना जल उपलब्ध कराने की मांग लंबे समय से की जा रही थी और अब इस दिशा में ठोस प्रगति हो रही है।

#### उद्योगों और आमजन को मिलेगा व्यापक लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन से जल्द ही राजस्थान को अपने हिस्से का पानी प्राप्त होगा, जिससे किसानों, उद्योगों और आमजन को व्यापक लाभ मिलेगा। साथ ही, प्रदेश में जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में भी सहायता मिलेगी।

#### हर व्यक्ति तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करना लक्ष्य

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर व्यक्ति तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकारें प्रतिबद्धता से काम कर रही हैं। इसी के तहत रेणुका, लखवार और किशाऊ परियोजनाओं के क्रियान्वयन से मिलने वाले पानी से राजस्थान, दिल्ली के साथ हरियाणा के लोगों को भी फायदा मिलेगा। बैठक में वर्षा के पानी को भी सहेजकर राजस्थान पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में केन्द्र सरकार, राजस्थान के जल संसाधन विभाग तथा हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रम्प की धमकी से ईरान नाराज, अमेरिका से बातचीत रोकी

### अमेरिकी अधिकारियों के साथ हाथ भी नहीं मिलाया

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

स्विट्जरलैंड में 21 जून को ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत ट्रम्प की धमकी की वजह से खत्म हो गई। ईरानी वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा, 'करीब 80 मिनट की बातचीत के बाद मुझे पता चला कि ट्रम्प ने हमारे राष्ट्रपति, हमारी वार्ता टीम और हमारे इलाके को लेकर धमकी भरे बयान दिए हैं।

गालिबाफ ने कहा कि इसके बाद ईरानी डेलिगेशन ने बैठक खत्म कर दी और वहां से चला गया। उन्होंने बताया कि बाद में अमेरिकी पक्ष ने मध्यस्थों के जरिए एक और बैठक करने की इच्छा जताई, लेकिन ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया। ईरानी टीम ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ हाथ मिलाने और संयुक्त फोटो सत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया। इसे लेकर जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा, लोग सोचते हैं कि केवल नेतन्याहू ही बातचीत को नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन कई बार ट्रम्प के अचानक और सख्त बयानों से भी तनाव पैदा हो जाता है।

दरअसल, जब अमेरिका-ईरान के प्रतिनिधि बातचीत कर रहे थे, तभी ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि ईरान तुरंत लेबनान में हिजबुल्ला को परेशानी पैदा करने से रोके। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो हम ईरान पर फिर बहुत सख्त हमला करेंगे।

## जोधपुर में 8 प्रसूताओं की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ी, मचा हड़कंप

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में प्रसूताओं के जीवन से खिलवाड़ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोटा और बीकानेर में सामने आए भयावह मामलों के बाद अब जोधपुर से भी एक ऐसी ही गंभीर घटना सामने आई है, जिसने पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा दिया है। जोधपुर के पावटा जिला अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 8 प्रसूताओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए हैं और मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, इन महिलाओं की 20 जून को पावटा जिला अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी कराई गई थी। ऑपरेशन के कुछ ही समय बाद उनमें संक्रमण से जुड़े लक्षण दिखाई देने लगे, जिसने सबकी चिंता बढ़ा दी। प्रारंभिक आशंका के तौर पर बताया जा रहा है कि इनमें से 6 प्रसूताओं में सेप्टीसीमिया (रक्त संक्रमण) की संभावना है, जबकि दो अन्य महिलाओं की किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यह स्थिति अस्पताल में अपनाई जा रही स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रक्रियाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। आठ में से दो प्रसूताओं की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उन्हें विशेष उपचार के लिए डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल की आईसीयू में स्थानांतरित किया गया है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। अन्य प्रभावित महिलाओं का भी गहन उपचार जारी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित ऑपरेशन थिएटर को सीज कर दिया है। संक्रमण के स्रोत का पता लगाने के लिए वहाँ उपयोग की गई दवाओं, उपकरणों और अन्य चिकित्सा सामग्री के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। साथ ही, ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण नियंत्रण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की भी विस्तृत समीक्षा की जा रही है।

## आप का भाजपा पर हमला : श्री राम की पादुकाएं और माला भी नहीं छोड़ी

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर से उनकी पवित्र पादुकाएं और गले का हार चोरी होने के मामले ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम की खड़ाऊं को राजा भरत ने 14 साल तक सिंहासन पर रखकर राज-काज चलाया था, उन्हीं खड़ाऊं को भाजपा से जुड़े लोगों ने कथित तौर पर चुरा लिया है। आप सांसद सिंह ने अयोध्या में सामने आए कथित घोटालों और चोरियों की श्रृंखला का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि इससे पहले दो करोड़ की जमीन 18.5 करोड़ में, तीन करोड़ की जमीन 24 करोड़ में और नौ करोड़ की जमीन 55.47 करोड़ में खरीदने के मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, दान पेटी और पवित्र राम शिलाओं की चोरी की घटनाएं भी करोड़ों हिंदुओं को आहत कर चुकी हैं। आप नेता ने इन बेईमान लोगों को चंदा चोर और ईडी पार्टी बताकर कहा कि ऐसी हरकतें करने में इन्हें जरा भी शर्म नहीं आती। उन्होंने कहा कि देश के लोग यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि इन लोगों ने श्री राम की पादुकाएं और उनके गले की माला तक चुरा ली है। संजय सिंह ने गांवों में छोटी-मोटी चोरी करने वालों के सामाजिक बहिष्कार का उदाहरण देकर कहा कि ये चंदे के चोर और बेईमान लोग भगवान राम की खड़ाऊं, मालाएं और पवित्र पत्थर चुरा रहे हैं, जमीन और चढ़ावे से जुड़ी गड़बड़ियां कर रहे हैं। उन्होंने देश की जनता से अपील की कि वे इस और बर्दाश्त न करें, जागें और इन बेईमान लोगों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएं। इसतरह के लोगों को सत्ता में रहने और देश पर शासन करने का कोई अधिकार नहीं है।

## लोहरदगा : पुलिस इंस्पेक्टर ने उठाई अर्थी, सुलझाया अंधविश्वास का विवाद

रांची (एजेंसी)। झारखंड के लोहरदगा में पुलिस की मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का अनूठा उदाहरण सामने आया है। जहां थाना प्रभारी नीरज झा ने न सिर्फ दो गांवों के बीच शव के अंतिम संस्कार को लेकर उपजे विवाद को शांत कराया, बल्कि खुद ग्रामीणों के साथ मिलकर शव को कंधा देकर अंतिम संस्कार कराया। यह घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी और पारही डांड़ी टोली के बीच हुई, जहाँ एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके अंतिम संस्कार को लेकर गतिरोध शुरु हुआ। पारही डांडटोली के ग्रामीण अपने गांव के श्मशान घाट पर शव जलाने की तैयारी कर रहे थे, तभी अलौदी के ग्रामीणों ने यह कहकर विरोध किया कि दूसरे गांव का शव जलाने से उनके गांव में भूत-प्रेत और आत्माओं का प्रकोप बढ़ेगा। अंधविश्वास और गांव की सीमा को लेकर दोनों आदिवासी पक्षों के बीच तीखी बहस छिड़ गई, इस विवाद को सुलझाने के लिए कुछ प्रबुद्धजनों के प्रयास भी असफल रहे। इसके बाद सूचना मिलते ही थाना प्रभारी झा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया, विवाद शांत कराया और फिर स्वयं शव को कंधा देकर श्मशान घाट तक पहुंचाया। उन्होंने परिजनों को अंतिम संस्कार में सहयोग कर कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि झारखंड के जनजातीय समाज में दूसरे गांव की सीमा में शव का अंतिम संस्कार करने को लेकर अक्सर इसतरह के विवाद देखने को मिलते हैं।

## चंदा चोरों का नाले में प्रतीकात्मक पिंडदान... वाराणसी के युवक का अनोखा प्रदर्शन

चेन्नई (एजेंसी)। वाराणसी,(ईएमएस)। श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े कथित चंदा घोटाले और आर्थिक अनियमितताओं के आरोपों के विरोध में वाराणसी के समाजसेवी रघुकुल यथार्थ शिवांशु ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कथित चंदा चोरों का नाले में प्रतीकात्मक पिंडदान कर भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर रघुकुल यथार्थ ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास के केंद्र हैं। इसके बाद यदि मंदिर निर्माण अथवा उससे जुड़े किसी भी कार्य में वित्तीय अनियमितता, धन के दुरुपयोग या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं, तब उसकी निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर के श्रद्धालुओं ने राम मंदिर निर्माण के लिए अपनी श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया है। इसके बाद यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि दान की प्रत्येक राशि का उपयोग पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए।

# कांग्रेस ने बंगाल को उसके हाल पर छोड़ दिया था, टीएमसी ने लूटकर बर्बाद कर दिया

### -केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने बंगाल के इतिहास पर पीएम मोदी की बातों का किया समर्थन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर पीएम मोदी की बातों का समर्थन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बंटवारे के बाद कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की और बाद में राज्य को उसके हाल पर छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियों की वजह से 1946 के ज़ख्म बने रहे। सिंह ने कहा बंटवारे के समय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल को बचाया था, लेकिन कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद भी 1946 के ज़ख्म यानी डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हिंदुओं पर हमले जारी रहे। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की और बंगाल को पूरी तरह से उसके हाल पर छोड़ दिया। आखिरकार, टीएमसी ने लूट-पाट करके इसे लगभग बर्बाद ही कर दिया। अब जब बीजेपी आ गई है, तो वहां के लोग इसे दूसरी आज़ादी जैसा महसूस कर रहे हैं और जश्न मना रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस के अंदर फंड से जुड़े कथित विवाद पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी जो खुद को सिर्फ़ चप्पल और साड़ी पहनने वाली एक साधारण महिला के तौर पर पेश करती थीं, असल में लूट-खसोट वाले शासन की अगुवाई कर रही थीं, जिसमें उनके मंत्रियों से लेकर नीचे तक के सभी लोग शामिल थे। अब यह बात सबके सामने आ रही है।

बता दें शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के तारकेश्वर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि युवा पीढ़ी को पश्चिम बंगाल दिवस के महत्व और राज्य के गठन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने बंटवारे के समय की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि उस दौरान अविभाजित बंगाल को पाकिस्तान में शामिल करने की कोशिशें की गई थीं। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं ने ऐसी कोशिशों का विरोध किया और इसके ख़िलाफ़ ज़ोरदार आवाज़ उठाई। बंगाल हर साल 20 जून को पश्चिम बंगाल के आधिकारिक स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और इसके गठन की विधायी प्रक्रिया का जश्न मनाता है।

## 142 बच्चे नहीं दे पाए नीट परीक्षा, भाजपा ने कांग्रेस पर फोड़ा ठीकरा

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में नीट परीक्षा को लेकर एक नया सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया, जहां कांग्रेस की एक बड़ी राजनीतिक रैली के आयोजन को लेकर भाजपा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। यह विवाद कांग्रेस के उस मेगा सम्मेलन को लेकर शुरू हुआ, जो बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड्स में आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम बीके हरिप्रसाद के कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के मौके पर रखा गया था। भारतीय जनता पार्टी के सांसद तेजस्वी सूर्या ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा के दिन ही कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई इस रैली के कारण शहर में भारी ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे कई छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने एक्स पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी इस रैली के लिए कोई और दिन चुन सकती थी, लेकिन उसने वही दिन चुना जब हजारों छात्र नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा दे रहे थे। सूर्या के अनुसार, शहर में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक बाधित हुआ, जिसके कारण कई छात्र परीक्षा केंद्रों तक देर से पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि कुछ छात्र घबराहट की स्थिति में परीक्षा केंद्र पहुंचे और उन्हें अतिरिक्त समय के लिए अधिकारियों से अनुरोध करना पड़ा, जो परीक्षा अधिकारियों ने राहत देते हुए दिया। भाजपा सांसद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वे छात्रों और परीक्षाओं को लेकर घड़ियाली आंसू बहाते रहे हैं, जबकि उनकी पार्टी ने खुद संवेदनशीलता नहीं दिखाई। तेजस्वी सूर्या के आरोपों पर कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खड़गे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बिना नाम लिए सूर्या को सीरियल मिसइन्फॉर्मेशन एमपी बताते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। खड़गे ने भाजपा के दावों को आधा सच करार दिया। उन्होंने बताया कि आरसी कॉलेज में कुल 720 छात्रों को नीट परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, जिनमें से 142 छात्र अनुपस्थित रहे। उनके अनुसार, केवल तीन छात्र ही परीक्षा में शामिल नहीं हो सके।

## यूपी में हम 22 फीसदी, सपा में अगला सीएम चेहरा मुस्लिम समुदाय से हो





**-मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अखिलेश यादव को लिखे पत्र में की मांग**

**बरेली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे पत्र में कहा कि प्रदेश में मुस्लिम आबादी करीब 22 फीसदी है, इसलिए मुस्लिम समुदाय सीएम पद पर अपना दावा मजबूत मानता है। मौलाना रजवी ने समाचार को कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को मैंने एक पत्र लिखा है। उनके सामने 2027 विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अपनी बात रखी हैं। रजवी ने कहा कि खासतौर पर मैंने यूपी के मुसलमानों के जज्बाज को याद दिलाया है और बताया है कि 22 फीसदी मुसलमान यूपी में हैं और 7 फीसदी यादव जाति के लोग हैं। सबसे बड़ी हिस्सेदारी या बहुमत मुसलमानों का है। उनके पिता मुलायम सिंह यादव को कई बार मुख्यमंत्री बनाया। खुद अखिलेश यादव को मुसलमानों ने सीएम बनाया। उनके भाई, चाचा, पत्नी और भतीजे में से किसी को विधानसभा तो किसी को लोकसभा में भेजना का काम मुसलमानों ने ही किया है।

उन्होंने कहा कि इस तरह से पूरे यादव परिवार को मुसलमानों ने नवाजा है। इस कारण मैंने पत्र के जरिए मांग की है कि 2027 के चुनाव के लिए मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर किसी मुसलमान की घोषणा करें। रजवी ने मांग की कि अखिलेश यादव घोषणा करें कि अगला सीएम वे नहीं होंगे, बल्कि एक मुसलमान को सीएम बनाया जाएगा। वे अपनी ही पार्टी के किसी मुसलमान को सीएम बनाने का ऐलान करें और उसी के चेहरे पर चुनाव लड़ें। तब मुसलमान 2027 में भारी तादाद में उन्हें वोट देगा। रजवी ने यह भी कहा कि अगर वह ऐसा करने में कामयाब नहीं होते हैं, तो मुसलमानों से उम्मीदें छोड़ देनी चाहिए।

# खीर भवानी मेले शुरु, मंदिर परिसर में सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम

### सीएम अब्दुल्ला ने दी शुभकामनाएं, शांति, समृद्धि के लिए की प्रार्थना



**गांदरबल (एजेंसी)।** गांदरबल के तुलमुला में माता खीर भवानी मंदिर के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है, क्योंकि खीर भवानी मेले में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। तीर्थयात्रा के सुचारू और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों की तैनाती सहित सुरक्षा के कई स्तरों वाले इंतजाम किए गए हैं। वहीं, जम्मू और कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मेला खीर भवानी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की और उम्मीद जताई कि यह पवित्र त्योहार जम्मू-कश्मीर में सद्भाव, भाईचारे और समृद्ध मिली-जुली सांस्कृतिक विरासत के बंधन को और मजबूत करेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू और कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पोस्ट किया, ज्येष्ठ अष्टमी के पावन अवसर पर सभी को और विशेष रूप से हमारे कश्मीरी पंडित भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं। माता खीर भवानी हमें सदा सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें और सभी को शांति, खुशी, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें। कश्मीर जोन के आईजीपी ने मेला खीर भवानी के पावन अवसर पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह दिन सभी के लिए शांति, आध्यात्मिक शक्ति और एकजुटता की भावना लेकर आए।

इसके पहले 18 जून को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने माता खीर भवानी मेले की तैयारियों की समीक्षा की थी। खीर भवानी मंदिर के दौरे में सीएम उमर अब्दुल्ला ने देश और विदेश के कई हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था। हर साल आयोजित होने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। रविवार को कश्मीर जोन के इंस्पेक्टर आईजीपी ने मंदिर परिसर के अंदर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था और इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कई पहलुओं की समीक्षा की, जिनमें एक्सेस कंट्रोल, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, भीड़ प्रबंधन के उपाय, ट्रैफिक रेगुलेशन और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तय पार्किंग सुविधाओं की उपलब्धता शामिल थी।

आईजीपी ने सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और परेशानी-मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता, तालमेल और तैयारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर और आसपास के इलाकों में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम, प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन और सभी जरूरी सेवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। बता दें खीर भवानी कश्मीरी पंडितों की कुल देवी मानी जाती हैं। ज्येष्ठ अष्टमी कश्मीरी पंडित भाइयों और बहनों के लिए अत्यधिक धार्मिक महत्व रखती है।

## महुआ मोइत्रा के रिश्वत वाले बयान पर भड़के टीएमसी के बागी सांसद, मानहानि का मुकदमा करने की तैयारी

कोलकाता (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों ने पार्टी नेता और सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने का फैसला किया है। यह निर्णय मोइत्रा के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने इन सांसदों पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। सांसदों का कहना है कि उनके झूठे आरोप से उनकी सार्वजनिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है और एक बैठक के बाद उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने का मन बनाया है।

महुआ ने महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देकर बागी टीएमसी सांसदों की तुलना एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए विधायकों से की थी। उन्होंने शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत के उस पोस्ट को एक्स पर साझा किया था, जिसमें बागी विधायकों पर 15 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगा था। टीएमसी सांसद मोइत्रा ने लिखा था कि टीएमसी के बागी सांसदों को 4 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान मिला और वे हर महीने 1 करोड़ रुपये 36 महीनों तक ले रहे थे, जिससे कुल 40 करोड़ रुपये की रिश्वत बनती है।

# गुरुद्वारों पर कब्जा करने निहंगों ने मचाया उत्पात, इंटरनेट बंद, धारा 163 लागू

### -उत्तराखंड में कई लोगों पर कर चुके हैं जानलेवा हमला

**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड के चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित रुद्रप्रयाग और कर्णप्रयाग क्षेत्र में निहंगों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में कर्णप्रयाग में हुई तलवारबाजी की घटना के बाद निहंगों ने अब रुद्रप्रयाग जिले के नगरासू और रुद्रप्रयाग में स्थित गुरुद्वारों पर कब्जे का प्रयास किया, जिससे स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण हो गई है। इस दौरान मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने कर्णप्रयाग में 27 जून तक बीएनएसएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 163 लागू कर दी है, वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गईं।

नगरासू गुरुद्वारे में उत्पन्न विवाद अभी शांत नहीं हुआ है, जहाँ खबर लिखे जाने तक सात से आठ निहंग गुरुद्वारे की छत पर डटे हुए हैं। उनकी मुख्य मांग बीते 16 जून को कर्णप्रयाग में हुई तलवारबाजी की घटना के संबंध में गिरफ्तार किए गए अपने साथियों की तत्काल रिहाई है। गुरुद्वारा प्रबंधक बेहंत सिंह ने आरोप लगाया है कि निहंगों ने जबरन गुरुद्वारे में घुसने, कब्जा करने, गाली-गलौज करने, तोड़फोड़ करने और श्रद्धालुओं के लिए व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया। उन्होंने 65 वर्षीय एक बुजुर्ग को बंधक बनाने का भी दावा किया, हालांकि बाद में एक व्यक्ति को निहंगों ने छोड़ दिया। छत पर पत्थर और अन्य सामग्री जमा होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और आईटीबीपी ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने निहंगों से करीब एक घंटे तक फोन पर वार्ता कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाते हुए नगरासू में शनिवार शाम से इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थीं, जो लगभग 12 घंटे बाद रविवार शाम को बहाल की गईं। इसी तरह, कर्णप्रयाग में सिख समुदाय द्वारा धरना प्रदर्शन के आह्वान और वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा में संभावित व्यवधान के मद्देनजर, कर्णप्रायग, गौचर और सिमली सहित कई अन्य स्थानों पर रविवार को पूरे दिन इंटरनेट बंद रहा। प्रशासन ने शनिवार रात को ही कर्णप्रयाग में बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी थी, जो 27 जून तक प्रभावी रहेगी। यह आदेश पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, जनसभा, धरना-प्रदर्शन करने और किसी भी प्रकार के शस्त्र, लाठी, चाकू, तलवार या विस्फोटक पदार्थ लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाता है। साथ ही किसी भी सार्वजनिक आयोजन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर भी रोक लगाई गई है।

#### दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की बात

इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की और दोनों पक्षों से बातचीत कर विवाद का उचित हल निकालने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने मान को विश्वास दिलाया कि इस मामले में कोई भी कदम पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से उठाया जाएगा। बताया जा रहा है कि निहंग समुदाय में इस बात को लेकर भारी रोष है कि कर्णप्रयाग की तलवारबाजी घटना में केवल उनके सदस्यों पर ही मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है, जबकि स्थानीय लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे उनके बीच असंतोष गहरा गया है। बद्रीनाथ और हेमकुंड यात्रा दिनभर निर्बाध रूप से जारी रही।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम विजय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को उनके 50वें जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु सी. जोसेफ विजय को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

22 जून 1974 को चेन्नई में जन्मे विजय, एक मशहूर अभिनेता से राजनेता बने हैं और वर्तमान में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। राजनीति में कदम रखने से पहले, वह तमिल सिनेमा के सबसे सफल और प्रभावशाली सितारों में से एक रहे, जिन्हें उनके लाखों प्रशंसक थलपति के नाम से बुलाते हैं। उनका पूरा नाम जोसेफ विजय चंद्रशेखर है, और वे फिल्म निर्माता एस.ए. चंद्रशेखर तथा गायिका शोभा चंद्रशेखर के पुत्र हैं। विजय ने अपने पिता द्वारा निर्देशित फिल्म वेट्री (1984) में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। जल्द ही वे तमिल फिल्म जगत में एक प्रमुख स्टार के रूप में उभरे। खुशी, थिरुमलाई, घिल्ली, पोक्किरी और सरकार जैसी फिल्मों ने उनकी लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हालांकि, उन्हें शुरू में रोमांटिक भूमिकाओं के लिए पहचाना गया, लेकिन बाद में उन्होंने खुद को एक एक्शन स्टार के रूप में ढाला, जो अक्सर सामाजिक और राजनीतिक न्याय के लिए लड़ने वाले पात्रों को निभाने के लिए जाने जाते थे।

प्रशंसकों के बीच उनकी जबरदस्त लोकप्रियता के कारण उनकी तुलना अक्सर उन महान तमिल अभिनेताओं से की जाती थी जिन्होंने सफलतापूर्वक राजनीति में कदम रखा था। उनकी कई फिल्मों में दिखाए गए राजनीतिक विषयों को उनके भविष्य के राजनीतिक इरादों के संकेत के रूप में देखा गया, जिससे उनके प्रशंसकों में उनके राजनीतिक प्रवेश की उम्मीदें बढ़ती गईं। आखिरकार, 2024 में विजय ने तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) पार्टी का गठन कर औपचारिक रूप से राजनीति में प्रवेश किया। उनकी पार्टी ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में एक शानदार प्रदर्शन किया, राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा की कुल 234 में से 108 सीटों पर विजय हासिल की। बहुमत के आंकड़े से कम सीटें होने पर, टीवीके ने कांग्रेस और अन्य दलों के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन के बाद, जोसेफ विजय ने 10 मई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, जो उनके अभिनेता से शीर्ष राजनेता बनने के असाधारण सफर का प्रतीक है।

# यूपी में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में 0.9 फीसदी बढ़ी, फिर होगा वेरिफिकेशन

### -एसआईआर से पहले प्रदेश में मुस्लिम वोटरों की संख्या 18.6 फीसदी होने का दावा किया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी में एसआईआर में आंकड़ों को लेकर अलग दावे किए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद प्रदेश में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में 0.9 फीसदी की वृद्धि हुई है। साथ ही नए बनने वाले मतदाताओं में 35 फीसदी मुस्लिम वोटर के भी दावे किए गए हैं। कई आयु वर्ग में आबादी के अनुपात से कहीं ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं के होने की बात कही जा रही है। इसको लेकर गोपनीय तरीके से वेरिफिकेशन शुरू किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि यूपी में एसआईआर प्रक्रिया के बाद हाई लेवल पर डेटा का गोपनीय विश्लेषण किया जा रहा है। इसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। विश्लेषण के क्रम में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां भी बात सामने आई है। अब इन तमाम गड़बड़ियों को दूर किए जाने को लेकर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एसआईआर से पहले प्रदेश में मुस्लिम वोटरों की संख्या 18.6 फीसदी होने का दावा किया जा रहा है। यह अब बढ़कर 19.5 फीसदी पहुंचने की बात है।

जनगणना आंकड़ों के आधार पर की गई स्टडी को लेकर दावे सामने आए हैं। दरअसल, 2011 के जनगणना आंकड़ों को आधार माना जाए तो प्रदेश में कुल अल्पसंख्यक आबादी करीब 20.3 फीसदी है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा मुस्लिम समुदाय का 19.3 फीसदी है। इसके अलावा सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के लोग हैं। चुनाव आयोग की ओर से धार्मिक आधार पर वोटर्स के आंकड़े जारी नहीं किए जाते हैं। हालांकि, राजनीतिक और सामाजिक स्टडी ने अनुमानों के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक प्रदेश के कुल मतदाताओं में अल्पसंख्यक मतदाताओं की हिस्सेदारी उनकी आबादी के अनुपात में करीब 19-20 फीसदी के आसपास मानी जाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक यूपी की राजनीति में मुस्लिम वोट बैंक पिछले तीन चुनावों से लगातार समाजवादी पार्टी गठबंधन के पक्ष में एकजुट होता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव 2019 में यह वर्ग सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में दिखा। यूपी चुनाव 2022 में सपा महागठबंधन के समर्थन में मुस्लिम वोट पड़ने की बात सामने आई। लोकसभा चुनाव 2024 में भी मुस्लिम समाज ने एकमुश्त सपा-कांग्रेस गठबंधन को समर्थन दिया। ऐसे में मुस्लिम वोटरों के बढ़ने को लेकर कई प्रकार के दावे किए जा रहे हैं। बीजेपी के पसमांदा राजनीति के



बीच इस वर्ग के वोट शेयर में इजाफे की भी चर्चा है।

# ऑपरेशन यमलकमली: गेटवे टू मारवाड़ से गेटवे टू मालाबार तक 2500 किमी पीछा; केरल की पहाड़ियों में राजस्थानी कारीगर बन घुसी एएनटीएफ, 7 साल से फरार तस्कर सरगना गिरफ्तार

**>> बिना पढ़े-लिखे ही बोलता था फर्राटेदार मलयालम, स्थानीय लोग समझते थे मलयाली; समधी की गिरफ्तारी के बाद खुला 25 हजार के इनामी रणजीत दायमा का राज**

स्मार्ट हलचल | जयपुर

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ अपनी स्ट्राइक को और तेज करते हुए लगातार तीसरे दिन एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। ऑपरेशन मदाविकाढ़त में मध्य प्रदेश से दबोचे गए तस्कर रमेश बंजारा से मिली कड़ियों को जोड़ते हुए एएनटीएफ ने अब ऑपरेशन यमलकमली के तहत उसके समधी और मुख्य साझीदार रणजीत दायमा उर्फ रंजीत बंजारा निवासी मनासा जिला नीमच को केरल से गिरफ्तार कर लिया है। 25 हजार रुपये का यह इनामी अपराधी पिछले 7 सालों से फलोदी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर सुदूर दक्षिण भारत में फरारी काट रहा था। एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस श्री विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन में टीम ने गेटवे टू मारवाड़ (राजस्थान) से गेटवे टू मालाबार (केरल) तक का करीब 2500 किलोमीटर का सफर तय कर इस शातिर अपराधी को उसकी मांद में जाकर दबोचा है।

तस्कर रणजीत दायमा भले ही पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन वह बेहद चतुर भाषाई विशेषज्ञ निकला। केरल के शोरानूर जिले में फरारी काटने के दौरान उसने स्थानीय



भाषा पर ऐसी पकड़ बनाई कि वहां के लोग उसे पक्का मलयाली ही समझते थे। वह जहां भी जाता, वहां की स्थानीय भाषा (मसलन कन्नड़, तेलुगु या मलयालम) इतनी धाराप्रवाह बोलता था कि कोई उसकी राजस्थानी या मध्य प्रदेश की पहचान को पकड़ ही नहीं पाता था।

### केरल में कंबल की दुकान और रोज 150 किमी का सफर

केरल के शोरानूर जिले के वडकनचेरी कस्बे में रणजीत ने कंबल की एक दुकान खोल रखी थी। वह अपनी मोटरसाइकिल पर कंबल लादकर रोजाना आसपास के इलाकों में 150 किलोमीटर का सफर तय करता था। वह कुछ समय के लिए मध्य प्रदेश-राजस्थान आकर स्थानीय तस्करों को माल की सप्लाई करता और पुलिस को भनक लगने से पहले ही वापस केरल भाग जाता था।

### समधी का जुगलबंदी नेटवर्क: 500 रुपये प्रति किलो का कमीशन

जांच में सामने आया कि रणजीत और दो दिन पहले पकड़ा गया रमेश बंजारा आपस में समधी हैं और पिछले 8 वर्षों से इस काले कारोबार में बराबर के पार्टनर हैं। दोनों ने काम का सटीक बंटवारा कर रखा था; तस्करी की डील करने का काम रमेश का था, जबकि माल भरवाने और उसे सुरक्षित ठिकानों से निकलवाने का जिम्मा रणजीत संभालता था। रणजीत को इस काम के लिए रमेश से 500 रुपये प्रति किलो के हिसाब से फिक्स कमीशन मिलता था। जब भी कोई तस्कर 100 से 500 किलो तक डोडा-चूरा खरीदता, तो रणजीत को बैठे-बिठाए 50 हजार से 2 लाख रुपये तक की मोटी कमाई हो जाती थी।

### ट्रेन में बिना रिजर्वेशन 2500 किमी का सफर कराकर लाई टीम

गिरफ्तारी के बाद एएनटीएफ की टीम तस्कर रणजीत को अपने साथ लेकर केरल से राजस्थान के लिए रवाना हुई। सात वर्षों तक पुलिस को चकमा देने वाला यह इनामी तस्कर अब सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। आईजी विकास कुमार ने बताया कि इस बेहद दुर्गम और चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम देने वाली एएनटीएफ की पूरी टीम को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यालय में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने आमजन से अपील की है कि मादक पदार्थों की तस्करी या अपराधियों से जुड़ी कोई भी गुप्त सूचना एएनटीएफ के नियंत्रण कक्ष नंबर 0141-2502877 या व्हाट्सएप नंबर 9261225056 पर साझा करें। सूचना देने वाले नागरिक की गोपनीयता का पूर्ण रूप से ख्याल रखा जाएगा।

### नीलयांमती पहाड़ियों में बिछा जाल

रमेश बंजारा से पूछताछ में जब एएनटीएफ को रणजीत के केरल कनेक्शन का पता चला, तो टीम ने बिना वक्त गंवाए दक्षिण भारत की ओर कूच किया। एएनटीएफ के जांबाज केरल के शोरानूर में राजस्थानी कारीगर बनकर घूमते रहे और उसके ठिकाने की रेकी की। पता चला कि रणजीत उस दिन शोरानूर से करीब 100 किलोमीटर दूर नीलयांमती पहाड़ियों की दुर्गम बस्तियों में मोटरसाइकिल पर कंबल बेचने गया है। टीम तुरंत पहाड़ियों में पहुंची। वहां एक बस्ती में वह कंबल बेचने की आवाजें लगाता हुआ जा रहा था। टीम ने ग्राहक बनकर उसे आवाज दी और कंबल का मोलभाव शुरू कर दिया। बड़ी मात्रा में कंबल खरीदने का लालच देकर टीम ने रणजीत से कहा हमारे सेठ जी पास ही गाड़ी में बैठे हैं, फाइनल डील के लिए वहीं चलना होगा। जैसे ही रणजीत बातों में आकर कार के पास पहुंचा, एएनटीएफ ने अपना परिचय देकर उसे धर-दबोचा।

### माल तो हर जगह जाता था, मुकदमे कहां-कहां हैं, मुझे नहीं पता

गिरफ्तारी के बाद रणजीत ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह राजस्थान और मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में डोडा-चूरा की सप्लाई करता था। उसने पुलिस से कहा 'माल तो हर तरफ जाता था... मुझे खुद नहीं पता कि मेरे खिलाफ कहां-कहां मुकदमे दर्ज हैं। मुझे यह भी नहीं पता कि मुझे पकड़ने कौन से राज्य की पुलिस आई है।

# महेश नवमी पर्व पर शिव अभिषेक एवं शोभायात्रा का भव्य स्वागत




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

माहेश्वरी युवा संगठन चंद्रशेखर आजाद नगर द्वारा महेश नवमी पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। संगठन के युवा अध्यक्ष अंकित सोमानी एवं मंत्री शुभम सोमानी ने बताया कि पर्व के अवसर पर प्रातःकाल स्थानीय शिवालय में भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान महेश का जयघोष करते हुए समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

सायंकाल नगर में निकली भव्य महेश नवमी शोभायात्रा का संगठन द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में भगवान महेश की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे एवं भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा।


इस अवसर पर कमलेश काबरा, चंदा जागेटिया, ललिता राठी, दिनेश हेडा, रामनिवास समदानी, श्याम सुंदर सोमानी, रमेश जागेटिया, अशोक बसेर, राहुल सोमानी, अभिषेक जागेटिया, अशोक नौलखा, मितेश सोडाणी, अनिल जेथलिया,आशीष काबरा, हसमुख हेडा, अभिषेक कचोलिया, गिरिराज महेश्वरी, नीतू महेश्वरी, पूजा सोमानी, आभा सोमानी, भगवतीलाल गदिया, विजय बाहेती, रीना बाहेती,सत्यनारायण तोतला सहित माहेश्वरी युवा संगठन, महिला संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया तथा महेश नवमी पर्व की सभी समाजबंधुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# अस्पताल बना बीमारियों का अड्डा? मांडल उप जिला चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल | मांडल

एक ओर केंद्र सरकार स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर मांडल स्थित उप जिला चिकित्सालय की हालत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। जहां मरीज स्वस्थ होने की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, वहीं अस्पताल परिसर की गंदगी देखकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

अस्पताल के बाहर लगी शुद्ध मीठे पानी की प्याऊ गंदगी से अटी पड़ी है। प्याऊ के आसपास जमा कीचड़ और गंदा पानी मच्छरों के पनपने का बड़ा कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का



खतरा लगातार बढ़ रहा है।

इतना ही नहीं, अस्पताल परिसर में जगह-जगह उगी कंटीली झाड़ियां, फैला कचरा और घूमते आवारा पशु व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। मरीजों और उनके



परिजनों को अस्पताल में इलाज के साथ-साथ गंदगी और बदबू का भी सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि जब स्वास्थ्य सेवाओं के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र की यह स्थिति है तो आम स्थानों की हालत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अस्पताल प्रशासन किसी बड़े हादसे या महामारी का इंतजार कर रहा है? आखिर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाली इन व्यवस्थाओं पर कब तक पर्दा डाला जाएगा?

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल सफाई अभियान चलाने, अस्पताल परिसर से झाड़ियों को हटाने तथा प्याऊ के आसपास फैली गंदगी को साफ कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# 435 प्लॉटों वाली आनंद विहार कॉलोनी जलभराव से बेहाल, स्थायी समाधान की मांग को लेकर ईओ और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**हमीरगढ़।** रेलवे फाटक के सामने आनंद विहार कॉलोनी के निवासियों ने सोमवार को नगरपालिका ईओ और उपखंड अधिकारी झंवर लाल मित्तल के नाम अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी निजामुद्दीन नीलगर हमीरगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी के नियमितीकरण, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2000 के आसपास विकसित हुई आनंद विहार कॉलोनी में करीब 435 प्लॉट हैं और वर्तमान में लगभग 350 परिवार निवास कर



रहे हैं। नगर पालिका सीमा में शामिल होने के बावजूद आज तक कॉलोनी में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, सफाई और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

निवासियों का आरोप है कि पास स्थित गणेश/सोना प्रोसेस द्वारा वर्षों पुराने प्राकृतिक नाले को बंद कर दिए जाने से बरसात का पानी कॉलोनी में भर रहा है। वर्तमान में कई स्थानों पर करीब तीन फीट तक पानी जमा हो चुका है, जिससे मकानों को नुकसान पहुंच रहा है तथा संक्रामक बीमारियों, जहरीले जीव-जंतुओं और विद्युत दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद किए गए पुराने नाले को तत्काल चालू कराया जाए, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए तथा कॉलोनी का नियमितीकरण कर सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नागरिक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं।

ज्ञापन पर बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों के हस्ताक्षर हैं। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ और किसी प्रकार की जनहानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

# नगर विकास न्यास (यूआईटी) कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास (यूआईटी) कार्यालय में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग जी. शक्ति सिंह के चेंबर में लगी, जिसे वहां मौजूद कर्मचारियों और लोगों की सतर्कता से समय रहते बुझा दिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ ओर नाही कोई कीमती दस्तावेज जले । हालांकि इस घटना ने यूआईटी कार्यालय की फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर



क्या नगर विकास न्यास कार्यालय में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम मौजूद हैं? क्या यूआईटी कार्यालय में फायर सेफ्टी उपकरण कार्यशील हैं? यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती?

# ऑपरेशन वज्र प्रहार: 47.50 लाख की अवैध अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, ट्रक जब्त

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर/ब्यावर।** राजस्थान में नशे के सौदागरों और अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन वज्र प्रहार' के तहत ब्यावर जिले की विजयनगर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से करीब 9.500 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत लगभग 47.50 लाख रुपये आंकी गई है।



पुलिस ने मौके से एक अंतरजिला तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया है।

### श्रीनाथ होटल के सामने घेराबंदी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई विशेष और विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर आज तड़के अंजाम दी गई। पुलिस महानिदेशक राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा और अजमेर रेंज आईजी श्री राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार, ब्यावर एसपी रतन सिंह के नेतृत्व में विजयनगर थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत और पुलिस जाब्ते ने एनएच-48 पर श्रीनाथ होटल के सामने प्रभावी नाकाबंदी की थी। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रहे एक ट्रक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर ट्रक चालक घबरा गया और वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया।

### टूल बॉक्स में छुपाया था 'काला सोना'

पूछताछ में चालक ने अपना नाम मेघराज नायक (38) निवासी जिला श्रीगंगानगर बताया। नियमानुसार जब ट्रक की तलाशी ली गई, तो ट्रॉली के दाहिने हिस्से में बने टूल बॉक्स के अंदर छुपाकर रखा गया अवैध अफीम का दूध बरामद हुआ। वजन करने पर अफीम का कुल वजन 9.500 किलोग्राम पाया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि वह यह खेप चित्तौड़गढ़ जिले से लेकर आया था और इसे श्रीगंगानगर सप्लाई करने जा रहा था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी मसूदा शिवराज सिंह के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस पूरे नेक्सस (तस्करी नेटवर्क) का पर्दाफाश करने के लिए मामले का आगे का अनुसंधान मसूदा थानाधिकारी रणजीत सिंह को सौंपा गया है। सराहनीय भूमिका: इस पूरी कार्रवाई में थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत के साथ हेड कांस्टेबल गोपी राम, भवानीपाल, कांस्टेबल मोहित सिंह, नीरज शर्मा और विजय सिंह की मुख्य भूमिका रही। एसपी ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# महेश नवमी पर शिवमय हुआ भीलवाड़ा, मंदिरों में भगवान महेश का अभिषेक, निकली भव्य शोभायात्रा

**भगवान महेश की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजों की मधुर धुनों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय महेश के जयघोषों के बीच निकली शोभायात्रा ने लिया नगरवासियों का मन मोह**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** माहेश्वरी समाज के आराध्य देव भगवान महेश (भगवान शिव) की जयंती महेश नवमी के पावन अवसर पर मंगलवार को भीलवाड़ा शहर धर्म, आस्था और उत्साह के रंगों में रंग गया। माहेश्वरी समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को शिवमय बना दिया। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, भगवान महेश की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजों की मधुर धुनों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयघोषों के बीच निकली इस शोभायात्रा ने नगरवासियों का मन मोह लिया। संयोजक अतुल राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया एवं कार्यवाहक अध्यक्ष केदार गगरानी बताया की शाम 4.30 बजे प्रारंभ हुई शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बालक-बालिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु भगवान शिव के भजनों और जयकारों के साथ पूरे मार्ग में भक्ति का वातावरण निर्मित करते रहे। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान महेश की सुसज्जित एवं मनोहारी झांकी रही, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के प्रमुख मार्गों को भगवा पताकाओं, रंगीन रोशनी और आकर्षक सजावट से विशेष रूप से सजाया गया था। यात्रा मार्ग पर स्थापित लगभग 90 स्वागत द्वारों ने आयोजन की भव्यता को और अधिक बढ़ा दिया। महेश नवमी के अवसर पर शहर में मुख्य



चौराहे सजाए गए। जिसमें लाइटे, रंगीन चुन्नियां, जय महेश के मल्टी कलर नारे के बोर्ड लगाये गए। जो आकर्षण का केंद्र लग रहे थे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की शोभा यात्रा में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, कैलाश कोठारी, रामगोपाल सोमानी राजसमंद, अशोक बाहेती, रमेश राठी सहित सभी पदाधिकारी समाजजन आगे आगे चल रहे थे। उसके बाद महिला प्रदाधिकारी सीमा कोगटा, भारती बाहेती, निशा काकानी, वीणा मोदी, विनिता तोषनीवाल के साथ ही शोभायात्रा में कई महिला शक्ति ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### भगवान महेश का किया अभिषेक

नगर सचिव सुरेश बिरला, सह संयोजक केजी राठी एवं अर्चित मून्द्रडा ने बताया की महेश नवमी पर्व पर प्रातःकाल से ही शहर में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर प्रारंभ हो गया था। जिला एवं नगर माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में शहर के 15 विभिन्न स्थानों पर भगवान महेश के सामूहिक अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान शिव के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। महेश नवमी महोत्सव ने न केवल माहेश्वरी समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव को प्रदर्शित किया, बल्कि समाज सेवा, आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक आस्था का भी सशक्त संदेश दिया। युवा संगठन मंत्री सीए अंकित लखोटिया ने बताया कि मुख्य प्रभारी सुनीत जागेटिया व पुर्व पार्षद केदार जागेटिया के सानिध्य मे मुख्य अभिषेक बालाजी मार्केट स्थित श्री बालाजी मंदिर किया गया। उसके साथ ही पुर के डूंगरी के बालाजी, पुराना शहर पंचमुखी महादेव, संजय कॉलोनी, बापूनगर, आजादनगर, शास्त्रीनगर, भोपालगंज, सुभाषनगर, तिलकनगर तथा अन्य प्रमुख मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान महेश का पूजन-अर्चन कर समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन चले धार्मिक आयोजनों और शाम की भव्य शोभायात्रा ने भीलवाड़ा को उत्सवमय बना दिया।

### महिला बैंड रहा विशेष आकर्षण का केंद्र, महिलाओं ने संभाली सुर और ताल की कमान,

महेश पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में इस वर्ष 20 महिला सदस्यों का महिला बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। एक ड्रेस एक वेशभूषा में महिला बैंड अलग ही धुन बजाकर चल रहा था। पारंपरिक एवं धार्मिक धुनों पर महिलाओं द्वारा प्रस्तुत बैंड वादन ने न केवल शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाई, बल्कि उपस्थित श्रद्धालुओं और नगरवासियों का मन भी मोह लिया। शोभायात्रा के दौरान महिला बैंड की सदस्याएं एक समान परिधान में सुसज्जित होकर पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ धार्मिक और देशभक्ति की मधुर धुनें प्रस्तुत कर रही थीं। ढोल, ताशे, ट्रम्पेट एवं अन्य वाद्य यंत्रों की ताल पर महिलाओं की शानदार प्रस्तुति को देखने के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई इस अनूठी पहल की सराहना करता नजर आया। भगवान महेश की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजों की मधुर स्वर लहरियों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'जय महेश' के उद्घोषों के बीच आगे बढ़ रही शोभायात्रा में महिला बैंड ने नई ऊर्जा का संचार किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर महिला बैंड का स्वागत किया तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए तालियां बजाईं। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि महिला बैंड की भागीदारी समाज में महिलाओं की बढ़ती सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक योगदान का प्रतीक है। महिलाओं ने जिस आत्मविश्वास और समर्पण के साथ अपनी प्रस्तुति दी, वह पूरे आयोजन की यादगार झलक बन गई।

### मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा

मुख्य प्रभारी सुभाष बाहेती ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर समाजजनो का भव्य स्वागत किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों पर रंग-बिरंगी रोशनी, भगवा पताकाएं और स्वागत बैनर लगाए गए हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवमय नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि समाजजनों के उत्साह और सहयोग से इस वर्ष का आयोजन ऐतिहासिक बन गया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर यह आयोजन भीलवाड़ा के धार्मिक इतिहास में लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। शोभायात्रा में पुरुष सफेद पोशाक पहन और महिलाएं पीली साड़ी पहन शोभायात्रा में शामिल हुई। साथ ही शोभा यात्रा में अजमेर से मंगाए बड़े ड्रोन से चौराहे पर गुलाब कि पत्तियों से पुष्प वर्षा की गई।

### महाप्रसाद में 18000 माहेश्वरियों का रामेश्वरम में होगा महासंगम

हरनी महादेव रोड स्थित समाज के रामेश्वरम भवन में महेश नवमी के अवसर पर देर रात 18 हजार स्वजनों का भगवान महेश का महा प्रसादी का महासंगम होगा, जिसमें 22 काउंटर लगाकर विभिन्न महिला व पुरुष क्षेत्रीय सभाओं को जिम्मेदारी सौपी गई।

## टंकी के बालाजी के पास आलू से भरा ट्रोला पलटा, सड़क पर बिखरी बोरियां



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के कोटा बाईपास स्थित टंकी के बालाजी के पास मंगलवार सुबह एक आलू से भरा ट्रोला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रोले में लदी आलू की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय आसपास कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार ट्रोला अजमेर की ओर से भीलवाड़ा कृषि उपज मंडी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान टंकी के बालाजी के निकट चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रोला सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा सड़क पर आलू की बोरियां फैल गईं।

सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। बाद में क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रोले को सीधा कराया गया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आईं।

यह हादसा एक बार फिर कोटा बाईपास पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही को लेकर सवाल खड़े करता है। सुबह के समय यातायात कम होने के कारण बड़ा नुकसान टल गया, लेकिन यदि यह दुर्घटना व्यस्त समय में होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

# शाहपुरा की सड़कें बन रही हादसों का कारण, कांग्रेस ने दी आंदोलन और मरम्मत की चेतावनी





स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शहर की मुख्य सड़कों की बदहाल स्थिति आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और उखड़ी हुई डामर सड़क के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा बनाए गए वीडियो में सड़कों की जर्जर हालत स्पष्ट दिखाई दे रही है, जिससे नगर की आधारभूत सुविधाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश सेन ने शहर की सड़कों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शाहपुरा की अधिकांश मुख्य सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों, जैसे सड़क मरम्मत और पट्टा वितरण, की अनदेखी की जा रही है, जबकि विभिन्न शिविरों में केवल औपचारिकताएं पूरी कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष रचना मिश्रा एवं सुनील मिश्रा ने भी सड़क समस्या को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं करवाई गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता स्वयं आगे आकर छोटे-बड़े गड्ढों की मरम्मत करवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की जान जोखिम में डालने वाली लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना हजारों वाहन इन सड़कों से गुजरते हैं। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। कई स्थानों पर सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान संभावित हादसों को रोकने के लिए सड़कों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी (बारां)।** कस्बे के मनोहरथाना रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार अर्जुनपुरा थाना जावर, जिला झालावाड़ निवासी राकेश पुत्र दानमल मीणा 19 जून को सुबह करीब 11:30 से 12:00 बजे के बीच मोटरसाइकिल ('छ्ब 17 रुर 0932) से हरनावदाशाहजी से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान मनोहरथाना रोड स्थित धर्मकांटा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा राकेश को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनावदाशाहजी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे कोटा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजन विनोद कुमार की रिपोर्ट पर हरनावदाशाहजी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा नगर मंडल ने महेश नवमी की शोभा यात्रा पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-शाहपुरा नगर में दिनांक 23 जून 2026 मंगलवार को प्रातः 9.15 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी के नेतृत्व में शाहपुरा माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य पर आयोजित शोभायात्रा निकाली गई जिस पर पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, विधानसभा संयोजक बजरंग सिंह राणावत, नगर महामंत्री जितेंद्र पाराशर, राजाराम पोरवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मारू, कार्यक्रम सहसंयोजक नवल सोनी, मोहन गुर्जर, गोपाल घूसर, शांतिलाल मामोडिया, देवेंद्र सिंह गहलोत, मंत्री मुकेश माली, राजेंद्र बोहरा, लादूराम खटीक, प्रेमचंद मीणा, गजराज खटीक, शारदा सोनी, मिथिलेश राणावत, राधा बोहरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## बड़लियास में हर्षोल्लास से मनाया गया तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बड़लियास में तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोटड़ी तहसील के विभिन्न गांवों से माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधुओं एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम से पूर्व भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा बड़लियास कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया तथा अतिथियों एवं समाजबंधुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

समारोह में जिला प्रतिनिधि राजेंद्र पोरवाल, महेंद्र काकाणी, रामकिशन सोनी, प्रहलाद नुवाल, मुरलीधर काबरा एवं रामकृष्ण पोरवाल सहित विभिन्न गांवों के समाज प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष महावीर काबरा (पारोली), बड़लियास माहेश्वरी सभा अध्यक्ष महावीर काबरा (बड़लियास), पूर्व तहसील अध्यक्ष शिवनारायण काबरा, कैलाश मंत्री एवं सी.पी. नामधराणी सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

इस अवसर पर समाज के 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वहीं शिक्षा, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान



छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप ईनाणी ने किया। समारोह में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2027 का तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव कोटड़ी में आयोजित किया जाएगा। अंत में माहेश्वरी समाज की ओर से सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

## बिजयनगर में कांग्रेस कमेटी द्वारा सड़कों की मरम्मत को लेकर ज्ञापन और सद्बुद्धि यज्ञ

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर (ब्यावर)।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित तातेड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ किया गया ओर विभाग के आधिकारियों व सरकार को सद्बुद्धि आए ओर सड़को की सुध लेवे

मोक्षधाम रोड़ सहित बिजयनगर की बदहाल और टूटी-फुटी सड़कों की सुध लेने के लिए अब भगवान की शरण ली गई है। नगर कांग्रेस कमेटी ने जनहित में एक अनोखा प्रदर्शन करते हुए सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ का आयोजन किया।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि शहर की मुख्य सड़कों से लेकर मोक्षधाम सड़क विगत नो माह से भी अधिक समय से क्षतिगस्त होकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। आए दिन राहगीर और वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन गहरी नींद में सोया है।

इसी सोई हुई सरकार और



प्रशासन को जगाने के लिए कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। यज्ञ के समापन के बाद कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन देकर कांग्रेस ने सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है। अब देखना यह होगा कि इस सद्बुद्धि यज्ञ और जनता की इस जायज मांग के बाद प्रशासन कब सुध लेता है और बिजयनगर वासियों को जर्जर सड़कों से कब तक निजात मिलता है

इस अवसर पर नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सहदेव सिंह कुशवाह, दौलत राम मानिकचंदानी, रामलाल नगवाड़ा, सीताराम पंवार, माणक तातेड, राजेश तिवारी, गोपाल स्वरूप कुमावत, पीयूष लुणावत, भोपाल सिंह, तरुण कच्छावा, अब्दुल हमीद मास्टर, ऋषि जांगिड़, जितेंद्र कुमार बैरवा, शहजाद मनसुरी, उस्मान पठान, मोहम्मद सदीक शाह, अनीस अंसारी, अकरम नीलगर, दिलीप सिंह, मुकेश राणा, महेन्द्र सोलंकी, इमरान कपाउंडर, हेमराज जांगिड़, इकबाल, नवीन सोनी, राजेश जोशी, अनवर, पीर उस्ताद, लालाराम तेली सहित कई कार्यकत्ता थे मौजूद थे।

## रूट विवाद को लेकर ऑटो चालकों का प्रताप नगर थाने पर प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर में ऑटो चालकों के बीच रूट संचालन को लेकर बढ़ते विवाद के बीच बड़ी संख्या में ऑटो चालक प्रताप नगर थाने पहुंचे और प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन कर रहे ऑटो चालक रोहित जोशी ने बताया कि वे और उनके साथी वर्षों से महाराणा टॉकीज से रीको क्षेत्र तक निर्धारित रूट पर ऑटो संचालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि पिछले कुछ समय से अन्य रूटों के ऑटो चालक उनके क्षेत्र में आकर सवारियां उठा रहे हैं, जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो रही है।

ऑटो चालकों का कहना है कि बाहरी रूट के कुछ चालक सवारियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट जैसी घटनाओं में भी शामिल रहते हैं। ऐसे मामलों का गलत असर उनके रूट पर काम करने वाले चालकों की छवि पर पड़ रहा है और आम जनता में उनकी बदनामी हो रही है।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि निर्धारित रूट व्यवस्था का सख्ती से पालन कराया जाए तथा अन्य रूटों के ऑटो चालकों को उनके क्षेत्र में अवैध रूप से संचालन करने से रोका जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य रूट का चालक कोई गलत हरकत करता है तो उसकी जिम्मेदारी उसी पर तय की जाए और निर्दोष चालकों को परेशान नहीं किया जाए। प्रदर्शन के दौरान ऑटो चालकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## राजस्थान नर्सेज यूनियन ने 48 ठेका कर्मी नर्सेज के वेतन पीएफ की मांग



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान नर्सेज यूनियन जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे महात्मा गाँधी अस्पताल के 48 नर्सेज के वेतन, पीफ, श्वस्द्ध की मांग को लेकर जिला कलेक्टर महोदय श्री मान जसमीत सिंह संधु को ज्ञापन दीया गया

जिला संयोजक अमित व्यास ने बताया की नर्सेज कर्मी जो अल्प समय से अपनी कई वर्षो से सेवा दे रहे थे उनका 6 महीनो से वेतन और पीफ बकाया है । कलेक्टर साहेब ने आश्वत किया की जल्द आपका वेतन मिल जायेगा और चिकित्सा अधीक्षक और मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल से मिलने को कहा और इनकी सेवा बहाली के लिए कल ही विधायक अशोक कोठारी और जिला कलेक्टर के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ ने प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भिजवा दिया है। आज ज्ञापन के दौरान लखन राव, बंधन चावला, अरविन्द टेलर, अब्दुल, हेमराज माली, सत्यनारायण, शंकर, कालू गाडरी, विनोद प्रजापत मौजूद रहे।

# महेश नवमी महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, वरिष्ठजनों व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

### काछोला में माहेश्वरी समाज का तहसील स्तरीय सम्मेलन संपन्न, ऊंट-घोड़े रहे आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल | काछोला

माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में मंगलवार को काछोला में तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मुंदड़ा सहित तहसील एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात भगवान श्री महेश के जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में सजे-धजे ऊंट, घोड़े, रथ एवं पालकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मांडलगढ़, कोटड़ी, जहाजपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान महेश के जयकारों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत माहेश्वरी समाज काछोला के नगर अध्यक्ष



सूरतराम गगराणी एवं काछोला समिति द्वारा मेवाड़ी परंपरा के अनुसार किया गया। मुख्य समारोह में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके बाद सांवरिया रिसोर्ट में सामाजिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं वरिष्ठजनों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं वक्ताओं ने सामाजिक एकता, संस्कार और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ महेश नवमी महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तहसील मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवानलाल काबरा ने किया।

## काछोला में ताजिया को दिया अंतिम रूप



स्मार्ट हलचल | काछोला

इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद (सअव) साहब के नवासे हजरत अली के साहबजादे हज़रत इमाम हसन व हुसैन और उनके 72 जानिसार साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम पर्व पर ताजिया निकाला जाता है।लाइसेंसधारी हाजी शरीफ मोहम्मद मंसुरी ने बताया कि ताजिया तीन हिस्सों में बनाया जा रहा है। ताजिया की लंबाई करीब 10 से 12 फिट होगी। माण्डलगढ़ के कारीगर जान मोहम्मद बेग अपनी बेहतरीन कारीगरी के जरिए अपने ताजियों की खूबसूरती को चार चांद लगाने में दिन रात पसीने बहा रहा है। ताजिया निर्माण को लेकर ईदुलअज़हा पर्व के बाद से ही ताजिया बनाने का कार्य शुरू हो जाता है माण्डलगढ़ के कारीगर जान मोहम्मद बेग,साजिद बेग,मोहम्मद कादिर ताजिया बनाने में जुटे हुए है और ताजिये का अक्ष तैयार होने के बाद उस पर नक्काशीदार कागज लगाया जाता है,उसमे कागजी फूलों झालर, झूमर,अन्य आकर्षक कागजी सजावट के सामानों से सजाया जाता है।

लाइसेंसधारी हाजी शरीफ मोहम्मद मंसुरी ने बताया कि मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया 25 जून गुरुवार को रात को व 26 जून शुक्रवार दिन में निकाला जाएगा,इसको लेकर कारीगर ताजिये को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। इस मौके पर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, हाजी मोहम्मद शाबिर रँगरेज, मुबारिक हुसैन रंगरेज, मोहम्मद साहिल, सरफु साह, दिलशाद, दानिश मोहम्मद, आदि काम मे जुटे हुए है।

# भीलवाड़ा में होगा तैलिक साहू समाज का राष्ट्रीय शक्ति प्रदर्शन, 20 हजार समाजबंधुओं के जुटने की तैयारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्र कार्यकारिणी की बैठक एवं विशाल सामाजिक-राजनीतिक जागरूकता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रस्तावित आयोजन में देशभर से समाज के राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा समाजबंधु भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में इसकी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू आसिंद ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य तेली साहू समाज को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक



रूप से अधिक संगठित और जागरूक बनाना है। सम्मेलन के माध्यम से समाज की एकजुटता और जनशक्ति का परिचय देते हुए विभिन्न स्तरों पर समाज की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेशाध्यक्षों, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न राज्यों से समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इससे समाज के मुद्दों, अपेक्षाओं और सुझावों को सीधे नीति-निर्माताओं तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

महासभा के पदाधिकारियों के अनुसार सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार तैलिक साहू समाजबंधुओं के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन समाज के इतिहास के बड़े आयोजनों में शामिल होगा, जहां सामाजिक समरसता, युवा नेतृत्व, शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी समाज की प्रभावी भागीदारी उसके संगठन और जागरूकता पर निर्भर करती है। ऐसे में यह सम्मेलन समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों, कर्तव्यों और भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आगे लाने की रणनीति पर भी मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए विभिन्न समितियों के गठन, आमंत्रण अभियान, जनसंपर्क और व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक में महासभा के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष देवराज तेली, एडवोकेट कुशल साहू, प्रहलाद दिया, मोहन दिया, राकेश कुमार तेली,मुकेश कुमार तेली, मनीष मगरिंदा, एडवोकेट प्रताप तेली, किशनलाल तेली, शंकरलाल तेली, सुखदेव जरवाल, दीपक कुमार साहू, रतनलाल तेली,कमलेश तेली, राकेश पचलोड़िया, सहित महासभा के अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर नहीं चलने देंगे 'बुलडोजर संस्कृति': जाड़ावत

**एएसआई की ध्वस्तीकरण कार्रवाई के खिलाफ जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन; जाड़ावत बोले— बिना पुनर्वास आशियाने उजाड़ना अमानवीय, जब जैसलमेर 'लिविंग फोर्ट' हो सकता है तो चित्तौड़गढ़ क्यों नहीं? संकट के समय भाजपा सांसद और निर्दलीय विधायक की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



चित्तौड़गढ़ दुर्ग के वार्ड संख्या 43 के निवासियों के मकानों और रोजगार पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा की जा रही ध्वस्तीकरण (पीला पंजा चलाने) की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है। पूर्व राज्यमंत्री श्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर एएसआई की इस एकतरफा कार्रवाई के विरोध में तीखा प्रदर्शन किया तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस अमानवीय कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की पुरजोर मांग की। कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी है कि दुर्ग क्षेत्र में किसी भी सूरत में 'बुलडोजर संस्कृति' को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पीढ़ियों से पुश्तैनी जमीनों पर आबाद है आबादी, ऐतिहासिक धरोहरों से कोई छेड़छाड़ नहीं:

जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया कि दुर्ग क्षेत्र में निवास कर रहे हजारों परिवार आज से नहीं, बल्कि अपनी कई पीढ़ियों से अपने पुश्तैनी मकानों एवं निजी आराजी (स्वामित्व) भूमि पर शांतिपूर्वक निवास करते आ रहे हैं। इन क्षेत्रवासियों ने कभी भी संरक्षित स्मारकों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ या नुकसान नहीं पहुंचाया है। इसके बावजूद पुरातत्व विभाग द्वारा लोगों की निजी संपत्तियों और पुश्तैनी निर्माणों को तोड़ने का नोटिस देना पूरी तरह से गैर-कानूनी और अन्यायपूर्ण है।

**जैसलमेर दुर्ग का दिया हवाला, स्थानीय सांसद व विधायक की चुप्पी पर दागे सवाल:**

पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग सिर्फ एक पत्थरों का ढांचा या ऐतिहासिक धरोहर नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत मानवीय बस्ती है, जिसने मेवाड़ की संस्कृति और परंपराओं को जिंदा रखा है। यहां के हजारों गरीब परिवार गाइड, हस्तशिल्प, प्रसाद सामग्री, लघु व्यवसाय और पर्यटन सेवाओं से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल जैसलमेर दुर्ग में भी स्थानीय आबादी वर्षों से रह रही है और वहां व्यापारिक गतिविधियां चलती हैं, तो फिर चित्तौड़गढ़ के निवासियों के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों? जाड़ावत ने स्थानीय भाजपा सांसद और निर्दलीय विधायक के मौन पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि चुनाव में तो दुर्ग की जनता इन्हें भारी लीड दिलाती है, लेकिन आज जब जनता के आशियाने उजड़ रहे हैं, तब इन जनप्रतिनिधियों का यह रहस्यमयी मौन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**प्रशासन को अल्टीमेटम— मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं वरना होगा व्यापक जनआंदोलन:**

कांग्रेस प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन और एएसआई विभाग से मांग की गई है कि वे तानाशाही रवैया छोड़ मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं और तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोककर स्थानीय निवासियों को विश्वास में लेते हुए एक न्यायपूर्ण व स्थायी समाधान निकालें। यदि बिना पुनर्वास किसी भी गरीब का मकान तोड़ा गया तो कांग्रेस पार्टी आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र और व्यापक जनआंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी, वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ पार्षद बालमुकुंद मालीवाल, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, शहर संगठन महामंत्री महेश काकानी, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्रनाथ योगी, जिला सचिव शंकर सेन, मंडल अध्यक्ष विनोद लड्ढा, विजय चौधरी, महावीर सिंह डेलवास, अर्जुन रायका, राजदीप सिंह राणावत, पार्षद रामगोपाल लोहार, गौस मोहम्मद, राजेश सोनी तथा शैलेंद्र सिंह शक्तावत सहित भारी संख्या में कांग्रेस जनप्रतिनिधि और दुर्ग क्षेत्र के पीड़ित निवासी उपस्थित रहे।

# शिक्षा और रोजगार संकट के खिलाफ कांग्रेस का 'छात्रों की गूंज' अभियान आज ब्यावर में

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** देश में बढ़ते शिक्षा और रोजगार के संकट को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार (24 जून) को ब्यावर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार, यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित होगा।

ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम बुधवार प्रातः 10 बजे से सतपुलिया स्थित केसरीनन्दन गार्डन में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि देश का युवा वर्ग इस समय परीक्षा पत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएं, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त है। शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त इन अव्यवस्थाओं के खिलाफ युवाओं की आवाज को मजबूती देने के लिए कांग्रेस पार्टी 'छात्रों की गूंज' अभियान चला रही है।

**राहुल गांधी के विचारों की होगी प्रस्तुति**

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े गंभीर विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विद्यार्थियों और युवाओं के मुद्दों पर रखे गए विचारों एवं प्रस्तुति का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

**अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान**

जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्यावर जिले के सभी कांग्रेस नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों, विधानसभा प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# अग्निवीर पुत्रों के कोटड़ी पहुंचते ही उमड़ा जनसैलाब, खुशी से छलक पड़ी पिता की आंखें, निकली भव्य स्वागत यात्रा

**सैनिक राजू तेली व राजू माली के सम्मान में वंदे मातरम् और भारत माता के जयकारों से गूंजा कस्बा**

स्मार्ट हलचल



**कोटड़ी।** भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होकर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अपने गृह कस्बे कोटड़ी लौटे सैनिक राजू तेली एवं राजू माली का मंगलवार को अभूतपूर्व स्वागत किया गया। दोनों जवानों के आगमन की सूचना मिलते ही पूरा कस्बा उत्साह और गर्व से भर उठा। परिवारजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, मित्र एवं ग्रामीण उनके स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए खड़े नजर आए।

कोटड़ी के नेहरू नगर पेट्रोल पंप से लेकर श्रीचारभुजानाथ मंदिर तक भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई। इस दौरान तिरंगा लहराते हुए युवाओं ने 'वंदे मातरम् ', 'जय श्रीराम ', 'भारत माता की जय' और 'मेरा भारत महान' के गगनभेदी नारों से पूरे कस्बे को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जगह-जगह लोगों ने सैनिकों पर पुष्पवर्षा कर मालाएं पहनाईं तथा शॉल, दुपट्टा एवं साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। अग्निवीर सैनिक राजू तेली के कोटड़ी पहुंचते ही उनके पिता मिश्रीलाल तेली की आंखें खुशी से नम हो गईं। बेटे को सेना की वर्दी में देखकर परिवारजनों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि राजू ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है तथा अब देश सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है। वहीं सैनिक राजू माली के परिवार में भी उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए समर्पित युवाओं का सम्मान पूरे समाज का कर्तव्य है। अग्निवीर सैनिकों ने अपने परिश्रम और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है जिससे युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सैनिकों के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि समाज अपने वीर जवानों के प्रति कितना सम्मान और गर्व महसूस करता है। स्वागत समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, मन की बात कार्यक्रम के मंडल संयोजक अनिल तिवाड़ी, महामंत्री राघव आचार्य, प्रकाश गाड़री, नारायण सिंह, ओम सुवालका, सत्यनारायण तेली, हरिशंकर जाट, भेरूलाल, महावीर माली, सुरेंद्र सुवालका, विष्णु सेन, मुकेश माली सहित सैकड़ों ग्रामीण, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गौरव का क्षण बना स्वागत समारोह

कोटड़ी कस्बे में राजू तेली एवं राजू माली दोनों अग्निवीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति, युवा प्रेरणा और सैनिक सम्मान का उत्सव बना दिखाई दिया। देश सेवा के लिए समर्पित इन युवाओं के सम्मान में उमड़े जनसैलाब ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया।

# ब्यावर में 'अब्दुल रहमान बनाम सरकार' फैसले की उड़ रही धज्जियां

**बिचडली तालाब के डूब क्षेत्र में भू-माफियाओं का कब्जा, कांग्रेस विधि विभाग ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** शहर के ऐतिहासिक बिचडली तालाब के अस्तित्व को भू-माफियाओं द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से समाप्त करने के विरोध में मंगलवार को वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल सड़कों पर उतरा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (विधि, आरटीआई एवं मानवाधिकार विभाग) के प्रदेश सचिव, पार्षद एवं एडवोकेट घनश्याम फुलवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक शिष्टमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) ब्रह्म लाल जाट से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री और संभागीय आयुक्त अजमेर के नाम ज्ञापन सौंपकर तालाब के कैचमेंट एरिया (जलागम क्षेत्र) को भू-माफियाओं से मुक्त कराने और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**हाईकोर्ट के आदेश और बफर जोन की खुल्लम-खुल्ला अवहेलना**

एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने राजस्थान हाई कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले 'अब्दुल रहमान बनाम राजस्थान सरकार (याचिका संख्या 1536/2003)' का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त 2004 के इस फैसले के तहत कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि नदी, नाले, झील और तालाबों के बहाव क्षेत्र में 15 अगस्त 1947 की स्थिति बहाल की जाए और बफर जोन (जलागम क्षेत्र के केंद्र से 50 मीटर दूरी) के भीतर किसी भी निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहे। अजमेर की आना सागर, फाई सागर और राजसमंद झील से इसी आदेश के तहत अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन ब्यावर में इस कानून की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

ज्ञापन में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया गया कि नगर परिषद द्वारा 23 मई 2024 को जारी एक लोक सूचना के अनुसार, जय नारायण त्रिपाठी (पुत्र गोविंद नारायण त्रिपाठी) ने खसरा संख्या 1476, 1477 और 1479 की खातेदारी भूमि पर पट्टों के लिए आवेदन किया है। जबकि यह वही क्षेत्र है जहाँ कुछ साल पहले तक तालाब का पानी भरा रहता था।

हैरानी की बात यह है कि स्वयं गोविंद नारायण त्रिपाठी ने 4 मार्च 2022 को नगर परिषद को एक नोटिस भेजकर यह कबूल किया था कि उनके खेत में तालाब का पानी आ जाता है जिससे उनके पेड़ नष्ट हो गए और पानी रोकने के लिए उन्हें मिट्टी डलवानी पड़ी। जब खातेदार खुद इसे डूब क्षेत्र मान रहे हैं, तो प्रशासन वहां पट्टे देने की तैयारी कैसे कर सकता है?

**रास्ते के लिए तोड़ा ऐतिहासिक परकोटा, साठगांठ का खेल**

एडवोकेट फुलवारी ने आरोप लगाया कि अवैध कॉलोनी के लिए रास्ता निकालने के उद्देश्य से शहर का ऐतिहासिक परकोटा तक तोड़ दिया गया। इस खेल में पार्षद पुत्र अमित प्रजापत को मोहरा बनाया गया और प्रजापत समाज को 119 गज जमीन बतौर गिफ्ट (12 अक्टूबर 2023) दी गई, जिसके बाद वहां नियमों के विरुद्ध 300 वर्गगज से ज्यादा का निर्माण कर लिया गया। हालांकि, बार-बार की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सुध लेते हुए परकोटे की दीवार का पुनर्निर्माण तो करवा दिया, लेकिन मुख्य साजिशकर्ताओं पर कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की दोहरी नीतिः जहाँ 'सेटिंग' नहीं हुई, वहाँ चली जेसीबी

शिष्टमंडल ने नगर परिषद द्वारा पिछले दिनों खसरा संख्या 1447 से अवैध मिट्टी हटाने की कार्रवाई का स्वागत किया, लेकिन साथ ही प्रशासन की नीयत पर सवाल भी उठाए। फुलवारी ने कहा, 'पिछले 6 वर्षों से मैं लगातार भू-माफियाओं के खिलाफ शिकायतें दे रहा हूँ, लेकिन कार्रवाई केवल खसरा संख्या 1447 पर हुई। इससे साफ है कि जहाँ अधिकारियों की साठगांठ नहीं हो पाई, वहाँ की भर्ती निकाल दी गई और जहाँ मोटी साठगांठ है, वहाँ पटवारी, तहसील कार्यालय और सिंचाई विभाग आंख बंद करके हल्ष्ट बांट रहे हैं। '

यह भी आरोप लगाया गया कि 14 मई 2024 को नगर परिषद ने इस डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाने के चेतावनी बोर्ड लगाए थे और लाउडस्पीकर से मुनादी करवाई थी। लेकिन महज 4-5 दिनों में ही अधिकारियों ने भू-माफियाओं से मिलकर उन बोर्ड्स को ही गायब करवा दिया, जिससे भू-माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए।

**भू-माफिया कमा रहे चांदी, गरीब जनता पर मंडराया संकट**

अधिवक्ताओं ने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय भी इन अवैध जमीनों की धड़ल्ले से रजिस्ट्रियां कर रहा है और भारी राजस्व वसूल रहा है। जब माफिया तालाब में मिट्टी भर रहे थे और गरीब लोग लोन लेकर मकान बना रहे थे, तब प्रशासन सोया हुआ था। आज उन गरीबों को बेदखल करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। शिष्टमंडल ने मांग की कि बेदखली के बजाय उन भ्रष्ट अधिकारियों से हर्जाना वसूला जाना चाहिए जिनकी नाक के नीचे यह अवैध निर्माण हुए।

**शिष्टमंडल में ये रहे उपस्थित**

बिचडली तालाब के अस्तित्व की रक्षा के लिए सौंपे गए इस ज्ञापन के दौरान विधि विभाग के जिला सचिव एडवोकेट सुनील सिंगाड़िया, जिला सचिव एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा, एडवोकेट राजेश बंसल और एडवोकेट सचिव शाबिर खान सहित कई कानूनविद उपस्थित थे।

# बानसूर उप जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल | बानसूर



राजकीय उप जिला अस्पताल में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।अस्पताल परिसर में रक्तदान के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। चिकित्सा विभाग की टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। रक्तदाताओं ने रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अन्य लोगों से भी इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की। आयोजकों ने कहा कि दुर्घटनाओं, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की आवश्यकता जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान कर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# भारत सरकार द्वारा आयोजित हज के लिए आवेदन प्रारम्भ

**जिला हज खिदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ करेगी निशुल्क फॉर्म भरने की व्यवस्था**

**पूरे जिले में हाजियों को मिलेगी नि:शुल्क सहायता, 20 जुलाई 2026 तक किए जा सकेंगे आवेदन**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

पवित्र हज यात्रा 2027 के लिए भारत सरकार एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। हज के मुकद्दस सफर की तमन्ना रखने वाले अकीदतमंद अब 20 जुलाई 2026 तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिले भर में हज यात्रियों की सुविधा के लिए जिला हज खिदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ एवं विभिन्न स्थानीय हज खिदमत कमेटियों द्वारा निशुल्क फॉर्म भरने की व्यवस्था की गई है।

हज खिदमत कमेटी निंबाहेड़ा के सदर जनाब मतलूब भाई अजमेरी के सुभाष चौक, सब्जी मंडी स्थित कार्यालय पर 22 जून से हज आवेदन पत्र नि:शुल्क भरे जा रहे हैं। कमेटी की ओर से स्पष्ट किया गया है कि फॉर्म भरने के नाम पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

हज खिदमत कमेटी निंबाहेड़ा के सचिव हाजी अख्तर भाई पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हज-2027 के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक आवेदक का पासपोर्ट 31 दिसंबर 2027 तक वैध होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि फॉर्म भरवाने एवं मार्गदर्शन हेतु मतलूब भाई अजमेरी, हाजी अख्तर भाई पटेल, उबैद खान ठेकेदार, हाजी भूरू जागीरदार, हाजी जाहिद भाई बैट्री वाले, फारूख भाई छीपा तथा एडवोकेट अब्दुल कलाम अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने हज यात्रियों से आवेदन के समय आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील करते हुए बताया कि मूल पासपोर्ट, सफेद बैकग्राउंड वाले पासपोर्ट साइज फोटो, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, बैंक पासबुक अथवा कैंसिल चेक, ई-मेल आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा नॉमिनी का आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

हज नीति के अनुसार 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के आवेदकों का चयन बिना कुर्रा (लॉटरी) के किया जाएगा। साथ ही ऐसे वरिष्ठ हाजी के साथ 64 वर्ष से कम आयु का एक सहयात्री भी बिना कुर्रा के चयनित किया जा सकेगा।

जिला हज खिदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ के जिलाध्यक्ष उबैद खान ठेकेदार ने बताया कि इस वर्ष भी जिले के रावतभाटा, बेगूं, बस्सी, कपासन, बड़ीसादड़ी, चित्तौड़गढ़, भदेसर, बिनोता तथा सावा सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हज खिदमत कमेटियों के माध्यम से निशुल्क आवेदन एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा इस बार पारंपरिक हज पैकेज के साथ-साथ कम अवधि वाले हज पैकेज की भी व्यवस्था की गई है, जिससे विभिन्न वर्गों के जायरीन अपनी सुविधा और आवश्यकतानुसार हज यात्रा का चयन कर सकेंगे।

जिला हज खिदमत कमेटी ने जिले के सभी इच्छुक हज यात्रियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने तथा किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहायता के लिए अपने नजदीकी हज खिदमत कमेटी से संपर्क करने की अपील की है।

# टीएडी कॉलेज छात्रावासों में प्रवेश हेतु 29 जून तक कर सकते हैं आवेदन

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जनजाति क्षेत्रीय विकास (टीएडी) विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभागीय कॉलेज छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की संशोधित तिथियां जारी की है। संशोधित आदेश के अनुसार अब रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 29 जून सोमवार तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि संबंधित जिला कार्यालय 3 जुलाई 2026 तक वरीयता सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट टीएडी डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# नवीन स्थायी आधार केन्द्रों एवं सीईएलसी केन्द्रों हेतु आवेदन 15 तक

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जिला स्तरीय आधार कमेटी ने जिले में नवीन स्थायी आधार केन्द्रों एवं सीईएलसी केन्द्रों की स्थापना के तहत आधार नामांकन एवं बाल आधार नामांकन केन्द्रों पर ऑपरेटरों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे।

जिला स्तरीय आधार कमेटी के सदस्य सचिव एवं सिस्टम एनालिस्ट पूजा साहू ने बताया कि 20 मई 2026 को जारी आमंत्रण सूचना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए थे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राज आधार मॉड्यूल में निर्धारित प्रपत्र भरकर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई तक प्राप्त होने वाले आवेदन ही चयन प्रक्रिया में शामिल किए जाएंगे। अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा।


# सर्प शिक्षा अभियान के तहत् ग्यारह सर्प दो रेड सेंड बोआ का रेस्क्यू व जन जागृति कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल



**बिजयनगर।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सर्प दंश जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सर्प विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे सर्प शिक्षक, पुलिस मित्र व वन मित्र सुरेंद्र सिंह भाटी द्वारा विभिन्न स्थानों से सर्प का रेस्क्यू कर सर्प शिक्षा के ज्ञान से सर्प जीव प्राणी व मानव प्राणी दोनों की रक्षा हो तथा स्नेक बाइट से बचाव उपचार व सुरक्षा सम्बंधित जानकारी बेनर तले आमजनों को जागरूक किया।

01 तहसील कार्यालय से सुचना पर वहां पहुंचकर कुलर स्टेंड में से चेकर्ड किल्डबेक स्स्नेक का रेस्क्यू किया। 02 कृष्णा दीदी की सूचना पर बाड़ी गौ शाला परिक्रमा स्थल से स्पेक्टिकल कोबरा स्नेक का रेस्क्यू किया। 03 रमेश जी शर्मा कंपाउंड साहब के दरवाज़े पर लगें डोरक्लोज से टिंग कैट सनेक का रेस्क्यू। 04 विश्वकर्मा कॉलोनी वार्ड नंबर सात से जगदीश जांगिड़ नगर वाले के घर की सिढियो के रैंप से चेकर्ड किल्डबेक स्नेक का रेस्क्यू। 05 विश्वकर्मा फार्म हाउस कुलदीप जी जांगिड़ की सूचना पर रेड सेंड बोआ स्नेक का रेस्क्यू किया। 06 शिव मोहल्ला बाड़ी गांव खेडा से प्रहलाद जी की सुचना पर लगभग पांच फिट लम्बे ब्लेक कोबरा स्नेक का रेस्क्यू किया। जो कि मकान में रहने वाली बहन के पैरों के नजदीक से निकल कर पटियों में छुपा था। 07 कपिल जी पंचोली के मकान के सामने से रेड सेंड बोआ स्नेक का रेस्क्यू किया। 08 राजेंद्र जी बडौला के स्विमिंग पूल से चेकर्ड किल्डबेक स्नेक का रेस्क्यू किया। 09 जगदीश जांगिड़ की सूचना पर जलदाय विभाग के पीछे सांवर लाल माली के घर से लगभग पांच फिट लम्बे ब्लेक कोबरा स्नेक का रेस्क्यू



किया। 10 शिवाजी पुरोहित माधव नगर नवनीत मकान घर की नाल की सीढ़िया से चेकर्ड किल्डबेक स्नेक का रेस्क्यू। 11 देवाराम जी गुर्जर की नवनिर्मित मकान मैं पानी के टैंक से स्पेक्टिकल कोबरा स्नेक का रेस्क्यू। 12 भदादा बाग गुलाबपुरा से उमराव जी चौरड़िया के मकान की सिढियो से चेकर्ड किल्डबेक स्नेक का रेस्क्यू। 13 अभिषेक जैन चंद्र प्रभु कॉलोनी मकान की सीढ़िया से चेकर्ड किल्डबेक स्नेक का रेस्क्यू।

# यंग इंडियंस की एआई वर्कशॉप में युवाओं ने सीखे भविष्य के तकनीकी कौशल

**भविष्य की तकनीक से रूबरू हुए युवा, आई-स्टार्ट में आयोजित हुई एआई वर्कशॉप, यंग इंडियंस की पहल: युवाओं को सिखाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक प्रयोग**

स्मार्ट हलचल| कोटा

डिजिटल युग में उभरती तकनीकों को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को भविष्य की आवश्यक कौशलों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यंग इंडियंस कोटा द्वारा आई-स्टार्ट परिसर में दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्कशॉप का आयोजन आई-स्टार्ट रावतभाटा पर रोड किया गया। कार्यशाला में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एआई के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।




वाईआई कोटा के चेयर अंकित राठी ने बताया कि कार्यक्रम में एआई विशेषज्ञ आईआईटीएन सुरभि माहेश्वरी ने प्रतिभागियों को एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के बदलते स्वरूप, उसके व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत उपयोग तथा स्किल डेवलपमेंट में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई आज केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य, संचार, कंटेंट निर्माण, डेटा विश्लेषण और दैनिक जीवन के अनेक कार्यों को सरल, तेज एवं अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग का प्रदर्शन करते हुए बताया कि किस प्रकार इन तकनीकों की सहायता से समय की बचत, उत्पादकता में वृद्धि और कार्यों की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने भी एआई आधारित अनुप्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया तथा उनसे जुड़े अनेक प्रश्नों के समाधान हासिल किए। वाईआई कोटा के चेयर अंकित राठी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 40 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । उन्होंने कहा कि आगामी माह कोटा शहर में इसी प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि एआई संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंच सके और लोग अपने दैनिक जीवन को अधिक सरल एवं प्रभावी बना सकें। को-चेयर अंकित गुप्ता ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई वर्तमान समय की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक है और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर यंग इंडियंस कोटा की ओर से एआई विशेषज्ञ सुरभि माहेश्वरी का अभिनंदन किया गया। को-चेयर अंकित गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# 758 वां बूंदी स्थापना दिवस आज, होंगे विभिन्न कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल| बूंदी



छोटी काशी बूंदी के 785 वे स्थापना दिवस पर 24 जून को विविध कार्यक्रमो का आयोजन होगा । पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी ने बताया की कार्यक्रमो की शुरुआत गढ पैलेस में प्रात 6 बजे शहनाई वादन से होगी । 7 बजे गढ गणेश की पूजा व आरती होगी । साथ ही स्थापना दिवस पर पर्यटन सूचना केंद्र में 10 बजे फोटो व चित्र प्रदर्शनी का आयोजन होगा जिसमे बूंदी की विरासत व राष्ट्रीय स्तर के चित्रकारों के चित्र शामिल रहेंगे। संग्रहालय सहायक जगदीश वर्मा ने बताया की बूंदी के स्थापना दिवस के अवसर पर पूरास्मारक रानीजी की बावडी, सुखमहल व चौरासी खम्भो की छतरी पर पर्यटको व आमजन के लिए प्रवेश निशुक्ल रहेगा।

# अग्निवीर सुनील डांगी के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

**देशसेवा के जज्बे को मिला सम्मान, युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने अग्निवीर सुनील डांगी**



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित ग्राम बांसा निवासी युवा सैनिक सुनील डांगी के सम्मान में मंगलवार को शंभूपुरा स्थित चौराहे पर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों एवं इष्टमित्रगणों ने पुष्पमालाओं, साफा बंधन एवं जयघोषों के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व विकास डांगी एवं वन टू वन जुना मायरा के सदस्यों ने किया। उपस्थित जनसमूह ने अग्निवीर सुनील डांगी को क्षेत्र का गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि सेना में सेवा देना पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।

समारोह में विक्रम अहीर (सरपंच फाचर), प्रहलाद गुर्जर (सरपंच टाई), गजेन्द्र पालीवाल (सरपंच अरनिया जोशी), अरविंद अहीर (ऊखलिया), दिलखुश गुर्जर, अनिल डांगी, विक्रम डांगी, कमलेश डांगी, रमेश डांगी, सोनू अहीर, अखिलेश मेनारिया सहित बड़ी संख्या में युवा साथियों एवं मातृशक्ति ने भाग लेकर सैनिक का सम्मान किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवान राष्ट्र की शान हैं तथा उनका सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं भारतीय सेना के जयघोषों के साथ हुआ।

# राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की दुकान नीलामी विवाद प्रकरण में नया मोड़

## ट्रस्ट के दो सदस्यों ने दिया इस्तीफा देवस्थान विभाग को भेजा इस्तीफा

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की दुकान नीलामी विवाद प्रकरण में शहर के सोशल मीडिया में घमासान मचा हुआ है चर्चाओं का बाजार में नए विवाद में ट्रस्ट के दो सदस्यों गोविंद गुप्ता और द्वारका दास पोरवाल ने आज ट्रस्ट की सदस्यता से इस्तीफा देते हुए इस्तीफा की कॉपी देवस्थान विभाग को भी प्रेषित की है।

विस्तृत घटनाक्रम के अनुसार विगत माह की 18 मई को राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट ने स्टेशन रोड पर एक दुकान जिस पर किराएदार काबिज था की कथित नीलामी की गई थी जो 65 लख रुपए में बिकी थी 19 मई को तहसील में रजिस्ट्री हुई रजिस्ट्री के बाद मानो नगर में असंतोष की स्थिति बन गई नीलामी कैंसिल करने के विरोध में 26 मई को जैन बोर्डिंग में एक सर्वधर्म हिंदू समाज



गोविंद गुप्ता द्वारकादास पोरवाल

की बैठक संपन्न हुई जिसमें नीलामी कैंसिल करने तथा अध्यक्ष के के राठी के खिलाफ कार्रवाई हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ जन डॉक्टर जेके अरोड़ा. वरिष्ठ एडवोकेट ईश्वर चंद भटनागर .प्रितपाल सिंह व अन्य को लिया गया नीलामी के विरोध में अगले दिन 27 मई को शहर में एक जन आक्रोश रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया जिसमें नीलामी को कैंसिल करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई प्रकरण शहर में सोशल मीडिया पर जबरदस्त उसी दिन से चल रहा है फिर 2 दिन पूर्व 21 जून को ट्रस्ट के पांच सदस्यों ने समिति को अपने हस्ताक्षर युक्त एक पत्र सौपा पत्र में अध्यक्ष को पद मुक्त करने की बात कही पत्र में 5 सदस्यों के हस्ताक्षर थे वह पत्र सोशल मीडिया पर भी खूब चला उसी दिन शाम को तीन सदस्यों ने पुनः ट्रस्ट के अध्यक्ष के के राठी के पक्ष में समर्थन में सोशल मीडिया पर पत्र डाला जिसकी भी नगर में खूब चर्चा हुई।

अब इस प्रकरण में फिर नया मोड़ आया जिसमें ट्रस्ट के दो सदस्य गोविंद गुप्ता तथा द्वारकाधीश पोरवाल ने भी ट्रस्ट की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया दोनों इस्तीफा की कॉपी संवाददाता के पास है कॉपी में उन्होंने अपना इस्तीफा की कॉपी देवस्थान विभाग को भी भेजने की बात कही गई है पूरे प्रकरण में जहां समिति दुकान नीलामी को मिली भगत से नीलामी बताती है तथा लगभग एक करोड़ की दुकान को मिली भगत से 65 लख रुपए में बिकने की बात कहती है वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष के राठी का कहना है की दुकान की नीलामी नियम अनुसार की गई है उसमें किसी तरह की कोई मिली भगत नहीं है।

# लिलाम्बा बस स्टैंड से जीप चुराने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, मार्शल जीप बरामद

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के कड़े रुख और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया सहित वृताधिकारी रायपुर के निकट सुपरविजन में रायपुर थाना पुलिस को वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में तत्परता दिखाते हुए लिलाम्बा बस स्टैंड से चोरी हुई एक महिंद्रा मार्शल जीप को बरामद कर दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गर्मी में आराम करने गया था मालिक, पीछे से साफ कर दी जीप

पुलिस के अनुसार, लिलाम्बा (थाना रायपुर) निवासी निकेश पुत्र ओमप्रकाश हरिजन ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि उसकी महिंद्रा मार्शल जीप (आरजे 22، 2519) रोजाना की तरह लिलाम्बा बस स्टैंड पर खड़ी थी। गत 22 मई को दोपहर करीब 2 बजे तेज गर्मी होने के कारण वह जीप खड़ी कर आराम करने घर चला गया। दो घंटे बाद जब वह शाम 4 बजे वापस लौटा, तो जीप गायब थी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**विशेष टीम ने खंगाले सीसीटीवी, प्रोडक्शन वारंट पर लिया**

वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर थानाधिकारी राजूराम सीरवी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे आरोपियों की पहचान हो सकी।

इसी दौरान जानकारी मिली कि नामजद आरोपी जोधपुर ग्रामीण के पीपाड़ शहर थाने में किसी अन्य मामले में पहले से गिरफ्तार हैं। इस पर रायपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों आरोपियों (रवि और विजय) को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई जीप बरामद कर ली गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल (न्यायिक अभिरक्षा) भेज दिया गया है।

**पकड़े गए आरोपी बिलाड़ा के शातिर नकबजनी और चोर**

पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपी जोधपुर ग्रामीण के बिलाड़ा थाना इलाके के रहने वाले हैं और उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है: रवि वाल्मीकि (25) पुत्र कालूराम (निवासी: घाणामगरा, बिलाड़ा) – इसके खिलाफ पीपाड़ शहर थाने में नए बीएनएस कानून के तहत संगीन मामला दर्ज है।

विजय वाल्मीकि (25) पुत्र राधेश्याम (निवासी: घाणामगरा, बिलाड़ा) – यह शातिर आदतन अपराधी है, जिस पर साल 2022 में बिलाड़ा में चोरी और जैसलमेर में चोरी व नकबजनी (घर में घुसकर चोरी) के मुकदमे दर्ज हैं।

**सफलता पाने वाली पुलिस टीम**

इस त्वरित कार्रवाई और माल बरामदगी में रायपुर थानाधिकारी राजूराम सीरवी, सहायक उपनिरीक्षक मनोहरलाल (विशेष योगदान), कांस्टेबल अशोक (476) और कांस्टेबल मनोज (510) की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध देशी कट्टा जब्त, एक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देसी कट्टे. सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस थाना भवानीमण्डी:- जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार तस्करी को गंभीरता से लेते हुये जिले में सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधिक प्रवृतियों के बदमाशान को चिन्हित कर अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमण्डी टीम ने कार्यवाही करते हुये दौरान गश्त अवैध हथियार को अपने कब्जे में रखना व तस्करी करते हुये आरोपी अमन जैन को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा को जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

कार्यवाही पुलिस:- जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं श्री सत्यनारायण आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस



थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये इलाका थाना में अवैध कार्य की चेकिंग व रोकथाम में दौरान गश्त बिड़ला कोलेज के सामने से अभियुक्त अमन जैन पुत्र दिनेश कुमार जैन जाति महाजन उम्र 26 साल निवासी ज्ञान विहार भेसोदामण्डी थाना मानपुरा जिला मन्दसौर एमपी के कब्जे से एक देशी कट्टा को जप्त कर गिरफ्तार किया गया। घटना विवरण:- 22 मई को कुंवरपाल सिंह स.उ.नि. मय जाप्ता द्वारा अवैध कार्यों की चेकिंग व रोकथाम हेतु दोराने गश्त बिड़ला कोलेज के सामने से अमन जैन पुत्र दिनेश कुमार जैन जाति महाजन उम्र 26 साल निवासी ज्ञान विहार भेसोदामण्डी थाना मानपुरा जिला मन्दसौर एमपी के कब्जे एक अवैध देशी कट्टा को जप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाकर अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।


# जयशंकर की मंगोलिया यात्रा से मिलेगी रणनीतिक साझेदारी को मजबूती

स्मार्ट हलचल | उलानबटार

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगोलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह यात्रा दो देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसके तहत वे कोरिया गणराज्य भी जाएंगे। उलानबटार पहुंचने पर मंगोलिया के स्टेट सेक्रेटरी मुंकतुशिग इल्खानाजाव ने उनका स्वागत किया।

यात्रा के दौरान, डॉ. जयशंकर ने मंगोलिया की विदेश मंत्री बटसेत्सेग बटमुंख के साथ बातचीत की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। चर्चा मुख्य रूप से विकास परियोजनाओं में प्रगति, क्षमता निर्माण, शिक्षा, संस्कृति, सुरक्षा सहयोग और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग पर केंद्रित रही।

बैठक के बाद डॉ. जयशंकर ने कहा आज की हमारी बातचीत में



हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें विकास साझेदारी भी शामिल है। इसमें तेल रिफाइनरी सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है; इसके अलावा एक आईसीटी सेंटर, एक स्कूल और कई 'क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स' (तत्काल प्रभाव वाली परियोजनाएं) भी हैं। हमने क्षमता निर्माण, तकनीक, आर्थिक और व्यापारिक सहयोग, सप्लाई चेन सहयोग, शिक्षा, संस्कृति, रक्षा, सुरक्षा और ऊर्जा के बारे में भी बात की।

बाद में विदेश मंत्री ने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मुलाकात की और उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने लिखा पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को नई गति दी। कई क्षेत्रों में हमारे मजबूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं सम्मान करता हूं। मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूं कि सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती होती है।

उलानबटार में अपने कार्यक्रमों के तहत, डॉ. जयशंकर ने गंदन मठ के प्रमुख मठाधीश (चीफ एबॉट) खंबा नोमुन खान गेशे लहारम्पा डी. जावज़ानदोरज और स्टेट स्पीकर सैंडाग ब्यांबात्सोत से भी मुलाकात की। इन मुलाकातों ने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और संसदीय संबंधों को रेखांकित किया।

डॉ. जयशंकर ने विदेश मंत्री बटसेत्सेग बटमुंख और उद्योग एवं खनन मंत्री गोंगोर डामदिनन्याम के साथ मिलकर मंगोल तेल रिफाइनरी परियोजना के निर्माण स्थल का दौरा किया। मंत्री ने इस प्रोजेक्ट में शामिल भारतीय और मंगोलियाई कर्मचारियों से बातचीत की और मुश्किल हालात के बावजूद, दोनों देशों के बीच विकास साझेदारी के सबसे अहम हिस्सों में से एक को पूरा करने में उनकी लगन और प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद किया।

यह दौरा भारत-मंगोलिया संबंधों में बढ़ती गति और रणनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जेसीआई एलुमनी क्लब एवं जेसीआई इंडिया के सदस्य कल्याण कोष से स्व. पंकज जैन के परिवार को मिली अंतिम सहायता राशि

**मानवीय सरोकारों की मिसाल बना 'मेंबर वेलफेयर फंड ', परिवार को कुल 14 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध**

स्मार्ट हलचल|कोटा

जेसीआई एलुमनी क्लब एवं जेसीआई इंडिया द्वारा संचालित 'मेंबर वेलफेयर फंड' के तहत संगठन से अपनेपन और संवेदनशीलता की मिसाल सामने आई है। जेसीआई एलुमनी क्लब एवं जेसीआई कोटा उड़ान के सक्रिय सदस्य रहे स्वर्गीय पंकज जैन के परिवार को आज इस कोष के अंतर्गत 4 लाख रुपये की अंतिम सहायता राशि प्रदान की गई।

जेसीआई एलुमनी क्लब चैयरमेन प्रियंक माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2025 में पंकज जैन के असामयिक निधन के पश्चात इसी वेलफेयर फंड के माध्यम से उनके



परिवार को पूर्व में 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी थी। इस तरह संगठन द्वारा अब तक कुल 14 लाख रुपये की सहायता राशि स्वर्गीय जैन के परिवार को उपलब्ध कराई जा चुकी है।

जेसीआई एलुमनी क्लब के प्रियंक माहेश्वरी ने कहा कि जेसीआई इंडिया एवं जेसीआई एलुमनी क्लब ऐसी संस्थाएं हैं, जो अपने सदस्यों के जीवनकाल में ही नहीं, बल्कि उनके निधन के बाद भी उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहती हैं। इस अवसर पर जेएफएस गौरव माहेश्वरी (पूर्व जोन अध्यक्ष एवं मेंटर, जोन-5), जेएफएस अनीश माहेश्वरी (पूर्व जोन अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), जेएफएस विभोर लोढ़ा (पूर्व जोन अध्यक्ष), जेसी प्रियंक माहेश्वरी (चेयरमैन, जेएसी जोन-5), जेसी आयुष झावर (जेडवीपी, जोन-5), जेसी नवनीत मोथा एवं जेसी डॉ. शुभम चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भारतीय जनता पार्टी भवानी मंडी शहर मंडल द्वारा आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रहित में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था।


इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीपलूंद बाईपास निर्माण विवाद में प्रशासन का बड़ा एक्शन: SDM ने गठित की 4 सदस्यीय जांच समिति, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

**तहसीलदार की अध्यक्षता में क्खुष्ठ, वन विभाग और विकास अधिकारी करेंगे दूध का दूध और पानी का पानी; 50 बीघा चारागाह भूमि को छलनी करने और अरावली की पहाड़ियों से अवैध दोहन के आरोपों की होगी गहन जांच**

स्मार्ट हलचल| जहाजपुर

जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पीपलूंद में निर्माणाधीन बाईपास सड़क परियोजना को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद अब प्रशासनिक जांच के घेरे में आ गया है। ग्रामीणों द्वारा चारागाह भूमि के विनाश और अवैध दोहन को लेकर सौंपे गए ज्ञापन तथा समाचार पत्र 'स्मार्ट हलचल' द्वारा इस मुद्दे को प्रखरता से उठाए जाने के बाद आखिरकार उपखंड प्रशासन हरकत में आया है। उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट (स्ष्ठरू) जहाजपुर ने पूरे प्रकरण की तकनीकी व कानूनी जांच के लिए एक उच्चस्तरीय चार





सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन कर दिया है। एसडीएम ने इस समिति को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे मौके का निरीक्षण कर अगले 7 कार्यदिवसों में अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**तहसीलदार की अध्यक्षता में बनी हाई-प्रोफाइल संयुक्त समिति:**

मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित की गई इस चार सदस्यीय विशेष समिति की कमान तहसीलदार जहाजपुर को सौंपी गई है। समिति में तकनीकी, विकास और पर्यावरणीय पहलुओं को शामिल करने के लिए विकास अधिकारी (•ष्ठह्र) जहाजपुर, सार्वजनिक निर्माण विभाग (क्खुष्ठ) के सहायक अभियंता (्रश्वह्र) तथा वन विभाग के रेंजर ('ड्ढठ्ठद्दद्गह्म) को बतौर सदस्य नामित किया गया है। यह संयुक्त समिति न केवल मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करेगी, बल्कि निर्माण एजेंसी के पास उपलब्ध सभी प्रकार के स्वीकृत दस्तावेजों, माइनिंग एनओसी और पर्यावरण स्वीकृतियों की भी बारीकी से स्क्रूटनी करेगी।

**इन 5 गंभीर और प्रमुख आरोपों की घेरेबंदी करेगी यह जांच:**

एसडीएम के निर्देशानुसार गठित यह समिति मुख्य रूप से निम्नलिखित **बिंदुओं और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए गंभीर दावों की जांच करेगी:**

चारागाह भूमि का सीना छलनी करना: बिना किसी प्रशासनिक आवंटन या अनुमति के चारागाह भूमि से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध दोहन क्यों और किसके इशारे पर किया गया?

पर्यावरण का विनाश व पेड़ों को नुकसान: बाईपास निर्माण के दौरान चारागाह क्षेत्र में खड़े दशकों पुराने हरे-भरे पेड़ों की जड़ों को जेसीबी से खोखला कर उन्हें नुकसान पहुंचाने के दोषियों की पहचान करना।

**अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन:** सर्वोच्च न्यायालय के सख्त आदेशों के बावजूद अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों से बिना माइनिंग विभाग की एनओसी के मिट्टी, पत्थर और ग्रेवल निकालकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना।

**बजट स्वीकृत होने के बाद भी मुफ्त का माल बटोरना:** सड़क निर्माण परियोजना के तहत जब सामग्री खरीद (मटेरियल परचेज) का अलग से करोड़ों का बजट स्वीकृत है, तो ठेकेदार द्वारा बाजार से सामग्री खरीदने के बजाय सरकारी चारागाह और पहाड़ी क्षेत्र का मुफ्त में उपयोग कर बजट हड़पने की मंशा की जांच।

**50 बीघा चारागाह प्रभावित होना:** ग्रामीणों के उस दावे की पैमाइश करना जिसमें कहा गया है कि इस अवैध खुदाई से लगभग 50 बीघा से अधिक चारागाह भूमि पूरी तरह नष्ट हो गई है, जिससे गोवंश और स्थानीय मवेशियों के चारे का संकट पैदा हो गया है।

**वास्तविक स्थिति आएगी सामने, ग्रामीणों की टिकी निगाहें:**

स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा जांच समिति का गठन किया जाना उनकी प्राथमिक जीत है। इस निष्पक्ष और संयुक्त जांच से पूरे मामले की वास्तविक और दूध का दूध, पानी का पानी करने वाली स्थिति जनता के सामने आ जाएगी। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की जो कथित मिलीभगत चल रही थी, उस पर अब कानून का शिकंजा कसेगा। फिलहाल, समूचे जहाजपुर क्षेत्र की निगाहें अब प्रशासनिक जांच दल के दौरों और 7 दिन बाद आने वाली उसकी अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

# टोंक पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फैसला-48 हेड कांस्टेबल अब एएसआई पदोन्नति चयन सूची में शामिल-वर्षों से लंबित प्रक्रिया को मिली गति

**-न्यायालय की याचिका में कार्मिकों को मिला न्याय-2 कार्मिकों को तत्काल पदोन्नति-शेष 46 को पीसीसी के बाद मिलेगा पदोन्नति का लाभ**

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिला टोंक पुलिस में वर्ष 2012-13 से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हेड कांस्टेबलों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीना (आईपीएस) द्वारा मंगलवार, 23 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार विभागीय चयन बोर्ड की समीक्षा के बाद कुल 48 हेड कांस्टेबल / कांस्टेबलों को सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पद हेतु चयन सूची में शामिल किया गया है।

यह आदेश राजस्थान सरकार के वरिष्ठ शासन सचिव, पुलिस गृह (ग्रुप-1), पुलिस महानिदेशक राजस्थान एवं भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड (पुलिस) के निर्देशों की पालना में जारी किया गया है। चयन सूची में वर्ष 2012-13 से लेकर 2022-23 तक की रिक्तियों को सम्मिलित किया गया है।

### दो कार्मिकों को तत्काल पदोन्नति-शेष 46 को पीसीसी के बाद लाभ

आदेश के अनुसार सीताराम गुर्जर, हेड कांस्टेबल (139) को वर्ष 2012-13 की वरिष्ठता से रिक्ति में पदोन्नति का लाभ दिया गया है। साथ ही अचल सिंह सांसी, हेड कांस्टेबल (99) को वर्ष 2018-19 में पीसीसी (पदोन्नति संवर्ग पाठ्यक्रम) उत्तीर्ण होने के कारण पदोन्नत नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। शेष 46 चयनित कार्मिकों को पीसीसी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद एएसआई पद पर पदोन्नति प्रदान की जाएगी।



### चयन प्रक्रिया व कानूनी स्थिति

चयन प्रक्रिया विभागीय परीक्षा एवं वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सामान्य, एससी एवं एसटी वर्ग के कार्मिकों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया गया है। हालांकि, यह चयन सूची माननीय न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

### टोंक पुलिस महकमे में उत्साह

इस आदेश के बाद टोंक जिला पुलिस विभाग में खुशी और उत्साह का माहौल है। लंबे समय से संतान संबंधी प्रकरणों एवं अन्य कारणों से पदोन्नति से वंचित रहे कार्मिकों को इससे बड़ा मनोबल मिला है। पुलिस कार्मिकों ने इसे न्यायोचित और राहत देने वाला निर्णय बताया है।

# शहीद कांस्टेबल भागचंद सैनी के परिवार को सौंपे 9.68 लाख



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक टोंक, रोशन मीना (आईपीएस) ने उनियारा सर्किल अंतर्गत बनेठा थाना पुलिस के शहीद कांस्टेबल भागचंद सैनी की गश्त के दौरान कथित शिकारियों द्वारा 2 एवं 3 मई 2026 की दरमियानी मध्य रात्रि को हुई हत्या के बाद पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय पहल का परिचय देते हुए जिला पुलिस परिवार की ओर से उनकी धर्मपत्नी टीना सैनी एवं पिता कालूराम सैनी को कुल 9 लाख 68 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी रोशन मीना ने कहा कि शहीद कांस्टेबल भागचंद सैनी का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा और टोंक पुलिस परिवार हर परिस्थिति में उनके परिजनों के साथ खड़ा है।उन्होंने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव तथा पुलिस उप अधीक्षक टोंक मृत्युंजय मिश्रा भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पुलिस थाना बनेठा स्टाफ एवं शहीद कांस्टेबल भागचंद सैनी के स्टॉफ मित्रों द्वारा स्वेच्छा से 14 जून 2026 को 2 लाख 62 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता राशि एकत्रित कर उनके परिवार को प्रदान की जा चुकी है। टोंक पुलिस की इस मानवीय पहल की जिलेभर में सराहना की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



स्मार्ट हलचल


**नारायणपुर।** कस्बे के धामेड़ा रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, वैद्य भवानी शंकर शर्मा एवं मनोहर लाल नायक ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता, शिक्षाविद एवं दूरदर्शी विचारक थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

उनके आदर्शों और सिद्धांतों का अनुसरण कर ही देश को मजबूत और विकसित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान छोटे लाल, सीमा, मुकेश पाण्डे, रमेश गुप्ता, मोती लाल जांगिड, रोशन लाल सैनी, कमलेश शर्मा, राजू सिंह, हरी प्रजापत, जयराम सैनी, तिलक सिंह, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश यादव, हरि सोलंकी, रामजी लाल यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएसपी के घर में घुसा चोर,जीने का गेट नहीं खुलने से नहीं हो पाई चोरी

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

धौलपुर में कार्यरत डीएसपी कृष्ण राज जांगिड़ के सूरौठ कस्बे में इंदिरा गांधी स्कूल के पास स्थित मकान में बीती रात्रि को चोर घुस गया। छत पर स्थित जीने का गेट नहीं खुलने के कारण चोरी नहीं हो सकी। चोरी के प्रयास की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस



संबंध में डीएसपी कृष्णाराज जांगिड़ के पिता महादेव जांगिड़ ने सूरौठ थाना पुलिस को चोरी के प्रयास की वारदात के बारे में अवगत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जांगिड़ ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष महादेव जांगिड़ ने बताया कि जब वह अपने परिजनों के साथ घर में सो रहा था तो एक चोर घर की छत पर पहुंच गया। सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है कि रात 3:30 बजे करीब एक युवक मैन गेट की दीवार पर चढ कर लैट्रिन की टंकी के सहारे छत पर चढ रहा है। छत पर जीने का गेट खोलने का भी प्रयास भी किया गया। जीने का गेट नहीं खुलने पर चोर वापस लौट गया। मेन गेट की दीवार एवं लैट्रिन की छत पर खेतों की मिट्टी लगे पैरों के निशान स्पष्ट दिख रहे हैं।

# महुवा में शहरी सेवा शिविर बना आमजन की राहत का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शहरी सेवा शिविर-2026 अभियान के तहत नगर पालिका महुवा में आयोजित शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने पर नगर पालिका महुवा में विशेष जोर दिया जा रहा है।

नगर पालिका कार्यालय परिसर महुवा में आयोजित शिविर में वार्ड संख्या 1 से 35 तक के नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में लीज राशि में छूट, धारा 69-के के



प्रकरण, कृषि भूमि नियमन, लघु अवधि लीज एवं किराये पर दी गई संपत्तियों के फ्रीहोल्ड पट्टों सहित अन्य योजनाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया।

प्रेस नोट के अनुसार कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत पट्टों के कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 39 आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं जन्म प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शत-प्रतिशत निस्तारण करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की गई।

शिविर में फायर एनओसी से संबंधित 6 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका भी सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट संबंधी 18 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित किया गया।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत भी लाभार्थियों को राहत मिली। योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा स्वीकृत 7 आवेदनों का निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी राजेश मीना ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप महुवा नगर पालिका द्वारा शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को घर के नजदीक ही विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों के जरिए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर के प्रति नागरिकों में उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया।

# घाड़ में महेश नवमी पर रुद्राभिषेक हुआ

**समाज ने भक्तिमय माहौल में प्रसादी का वितरण किया**



स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ में महेश नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घाड़ माहेश्वरी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। महेश नवमी के उपलक्ष्य में खेडेश्वर महादेव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच शिव स्तुति भी की गई। धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई और प्रसादी का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और युवा वर्ग ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मी कांत बाहेती, रोहित मूंदड़ा, आयुष तोतला, निखिल सोमानी, अक्षत सोमानी, सुनील तोतला और राकेश मूंदड़ा सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मातृशक्ति (महिलाओं) की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई और सभी के सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ईएसआई निदेशालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का दिया संदेश, 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया भाग**

स्मार्ट हलचल| जयपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई), राजस्थान, जयपुर में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझा। कार्यक्रम संयोजक गिरिराज सोनी ने बताया कि योग प्रशिक्षक अलका शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, सूक्ष्म व्यायामों तथा ध्यान की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण



दिया। उन्होंने योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती दलबीर कौर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ रहने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. अनुराधा असवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को योग को आत्मसात करने तथा नियमित अभ्यास करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास एवं ध्यान सत्र में भाग लिया तथा स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में कार्यक्रम संयोजक गिरिराज सोनी ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, योग प्रशिक्षक, उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वालों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अलीगढ़ कस्बा में मानसून से पहले बड़ा सफाई अभियान-जलभराव रोकने नालों की सफाई शुरू

**दुकानों पर कचरा पात्र अनिवार्य, नियम तोड़ने पर 1000 रुपये जुर्माना तय-अतिक्रमण व केबिन हटाने की चेतावनी**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** आगामी मानसून को देखते हुए ग्राम पंचायत अलीगढ़ प्रशासन द्वारा कस्बा अलीगढ़ में बस स्टैंड के पीछे एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मानसून पूर्व नालों की व्यापक सफाई कार्य शुरू कराया गया है।इसका उद्देश्य बारिश के दौरान होने वाले जलभराव, गंदगी और आवागमन की परेशानी से आमजन को राहत दिलाना है।

ग्राम पंचायत अलीगढ़ प्रशासन ने मुख्य बाजार के व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखें। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई दुकानदार कार्टून के गत्ते, कागज की पन्नियां, पॉलीथीन, अखबार व अन्य कचरा सड़कों पर फेंक देते हैं, जिससे कचरा नालियों में जमा होकर गंदगी और जलभराव की स्थिति पैदा करता है।



पंचायत प्रशासन द्वारा माइक से अनाउंसमेंट कर सभी दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि स्वच्छता समिति द्वारा शीघ्र ही दुबारा से कस्बे की दुकानों व बाजार का सघन निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में दुकान पर कचरा पात्र नहीं मिलने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही जिन दुकानदारों ने दुकानों के आगे तख्ते, पट्टियां या अन्य सामान रखकर नालियों को ढक रखा है, उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सफाईकर्मियों को नालियों की सफाई में किसी प्रकार की बाधा न हो। साथ ही अलीगढ़ ग्राम पंचायत प्रशासन ने अतिक्रमण नहीं करने, पॉलीथीन का उपयोग बंद करने और बाजार को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग की अपील की है। इसके अलावा अलीगढ़ कस्बे के लाल चौक पर नाले के ऊपर रखी गई केबिनों को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन ने बताया कि बरसात से पहले मुख्य नाले की सफाई करवाई जाएगी, इसलिए तत्काल प्रभाव से नालों व नालियों के ऊपर रखी सभी केबिनों को हटाकर फिलहाल नीचे उतार लिया जाए। अन्यथा प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर केबिन व दुकानें हटाकर सफाई करवाई जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों की होगी।ग्राम पंचायत ने स्पष्ट किया कि यह अभियान जनहित में है और स्वच्छ, सुरक्षित एवं जलभराव मुक्त अलीगढ़ के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

# माली समाज की प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान का सबसे बड़ा मंच

**दूनी में 28 जून को सजेगा भव्य समारोह गांव-गांव से आएंगे होनहार, शिक्षा और सेवा के सितारे होंगे सम्मानित**

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** दुनी अखिल भारतीय माली समाज सेवा संस्थान, जिला टोंक के तत्वावधान में 28 जून 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे ओम पैराडाइज, चौथमाता मंदिर के पास, दूनी में 'पंचम सर्व माली समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित होगा।

संस्थान के जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद माली ने बताया कि समारोह में सत्र 2025-26 में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक में 75% या अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी, बीटेक, एमटेक, सीए, सीएस, एमबीबीएस, बीएएमएस, पीएचडी, नेट आदि में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी और 5 जून 2025 से 31 मई 2026 तक नवनियुक्त कर्मचारियों को सम्मानित किया



जाएगा। राज्य स्तर पर सम्मानित व्यक्तियों और भामाशाहों का भी सम्मान होगा।जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भैरूलाल माली ने बताया कि संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी से भेंट कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। पूर्व मंत्री ने समारोह के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं।समारोह में टोंक जिले के अलावा पनवाड़ समिति चौखला एवं उनियारा खुर्द समिति चौखला के अन्य जिलों में स्थित गांवों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिला व तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण होगा। संस्था पूर्व में दो राज्य स्तरीय और दो जिला स्तरीय समारोह आयोजित कर चुकी है।तैयारियों को दिया अंतिम रूप

दूनी स्थित ओम पैराडाइज में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें भोजन, मंच संचालन, अतिथि सत्कार, पंजीकरण, सम्मान प्रक्रिया, आगंतुकों की सुविधा तथा अतिथियों के आमंत्रण पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने आयोजन को समाज की एकता, प्रतिभा और गौरव का प्रतीक बनाने का संकल्प लिया।बैठक में संरक्षक प्रहलाद तलाईच, जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद माली, दूनी तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश माली, उदा लाल माली, रामराज माली, राजेश माली, छगनलाल माली, हरिशंकर सैनी, सीताराम माली, महेश माली सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की वास्तविक पूंजी उसकी प्रतिभाएं हैं। मेधावी विद्यार्थियों, कर्मठ युवाओं और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और शिक्षा, सेवा, अनुशासन व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना मजबूत होती है।समारोह के निवेदक जिला उपाध्यक्ष रामराज तलाईच, गोपाल तलाईच सहित देवली, दूनी, मालपुरा व टोडारायसिंह तहसील कार्यकारिणी हैं। सौजन्य ओम ट्रेडर्स एवं ओम पैराडाइज, दूनी के प्रो. ओमप्रकाश सैनी, दूनी तहसील अध्यक्ष द्वारा किया गया है।

# ईशरा का बास में सोलर प्लांट के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



**बानसूर।** क्षेत्र के ईशरा का बास गांव में निजी सोलर प्लांट लगाए जाने के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में किसानों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्लांट का कार्य बंद कराने की मांग की। ज्ञापन एसडीएम कार्यालय के सहायक अधिकारी राजेश जोशी को सौंपा गया। किसानों का आरोप है कि सोलर प्लांट बिना उनकी सहमति के लगाया जा रहा है तथा लाइन बिछाने से प्रभावित हो रही कृषि भूमि के बदले कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा। किसानों ने बताया कि प्लांट शुरू होने के बाद फीडर को दिन में बिजली मिलेगी, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित होंगे और कम वोल्टेज से उपकरण खराब होने का खतरा रहेगा।

किसान नेता राकेश दायमा ने प्रशासन और बिजली विभाग पर किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों ने सोलर प्लांट का कार्य तत्काल रोकने और फीडर से इसकी कनेक्टिविटी हटाने की मांग की।





# चुकंदर से बनाएं फेशियल से मिलेगी ग्लास स्किन, 10 मिनट में मिलेगा पार्लर जैसा निखार

**अगर आप भी चुकंदर फेशियल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपकी स्किन भी ग्लास की तरह चमकने लगेगी। इससे स्किन पर ऐसा अद्भुत निखार आता है कि हर कोई आपसे आपकी चमकदार स्किन का राज पूछेगा। आज हम आपको जादुई चुकंदर फेशियल के स्टेप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।**

आज के समय में हर महिला ग्लास स्किन पाना चाहती है। ऐसी स्किन जो इतनी साफ और निखरी हो कि शीशे की तरह चमके। इस तरह का निखार पाने के लिए महिलाएं अक्सर महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन आप किचन में मौजूद एक चीज से अच्छे रिजल्ट पा सकती हैं। वो भी सिर्फ 20 रुपए में। बता दें कि चुकंदर सिर्फ स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है। चुकंदर में एंटी ऑक्सीडेंट, विटामिन सी और कई मिनरल्स पाए जाते हैं। जो स्किन को गहराई से पोषण देने का काम करते हैं।

ऐसे में अगर आप भी चुकंदर फेशियल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपकी स्किन भी ग्लास की तरह चमकने लगेगी। इससे स्किन पर ऐसा अद्भुत निखार आता है कि हर कोई आपसे आपकी चमकदार स्किन का राज पूछेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जादुई चुकंदर फेशियल के स्टेप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

### फेस क्लींजिंग

फेशियल का सबसे पहला और जरूरी स्टेप स्किन की गहरानी से सफाई करता है। इससे स्किन की धूल-मिट्टी और ऑयल को दूर किया जा सकता है। वहीं चुकंदर का रस नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। जोकि स्किन के पोर्स साफ करता है और विटामिन देता है। गुलाब जल स्किन को शांत करने के साथ ही नमी देने का काम करता है और स्किन के पीएच बैलेंस को बनाए रखता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
गुलाब जल-2 चम्मच
विधि
चुकंदर के रस में गुलाबजल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद कॉटन को भिगोकर फेस और गर्दन को अच्छे से साफ कर लें।

ऐसा करने से सारी गंदगी साफ हो जाएगी और ऑयल भी साफ होगा। इससे आपकी तरोताजा लगेगी।

### फेस स्क्रब

बता दें कि क्लींजिंग के बाद स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि डेड स्किन सेल्स हट जाएं और आपकी स्किन खुलकर सांस ले सके। इससे ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स की समस्या दूर होती है। वहीं कॉफी नेचुरल एक्सफोलिएट है, जोकि डेड स्किन को हटाने, स्किन को स्मूथ बनाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। चुकंदर का रस स्किन को पोषण और ग्लो देने का काम करता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम्?मच
कॉफी पाउडर- 2 चुटकी
विधि
चुकंदर के जूस में कॉफी पाउडर मिलाकर इसको अच्छे से मिक्स करके दरदरा पेस्ट बनाएं।

अब इस स्क्रब को फेस और गर्दन पर लगाएं और उंगलियों में पोरों से हल्के हाथों से फेस पर 2-3 मिनट के लिए मसाज करें।

कुछ देर मसाज करने के बाद फेस को गुनगुने पानी से धो लें।

इससे आपका चेहरा पहले से ज्यादा साफ और चमकदार नजर आएगा।

### स्किन लाइटिंग जेल

स्क्रबिंग के बाद स्किन को शांत करने और नमी देना जरूरी होता है। स्किन लाइटनिंग जेल आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ चमकदार बनाने का काम करता है। एलोवेरा जेल हाइड्रेटिंग, सूदिंग और हीलिंग गुणों के लिए जाना जाता है। एलोवेरा स्किन की जलन को कम करता है, नमी को लॉक करता है और स्किन को सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा को चुकंदर के साथ मिलाकर लगाने से स्किन की रंगत में सुधार होता है और ग्लो आता है।

सामग्री
चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### विधि

सबसे पहले चुकंदर के रस में एलोवेरा जूस को अच्छे से मिक्स करें।

अब फेस को साफ करके 5 मिनट मसाज करें।
इसके बाद चेहरे को धो लें।

### फेस पैक

फेशियल का लास्ट स्टेप फेस पैक होता है, जो आपकी स्किन को टाइट करने का काम करता है। स्किन को पोषण देता है और परमानेंट ग्लो देता है। इस फेस पैक में मौजूद बेसन आपकी स्किन की गहराई से सफाई करता है और एक्स्ट्रा ऑयल को सोखता है और स्किन की रंगत को निखारने का काम करता है। वहीं गेहूं का आटा स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ टैनिंग को रिमूव करने में भी मदद करता है। साथ ही चुकंदर का रस इस फेस पैक को एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर बनाने का काम करता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
आटा- 1 चम्मच
बेसन- 1 चम्मच

### विधि

सबसे पहले बेसन में आटा और चुकंदर का जूस मिलाकर फेस पैक बनाएं।

अब इसको लाइटनिंग फेस पैक को फेस और गर्दन पर अप्लाई करें।

फिर 20 मिनट बाद फेस वॉश कर लें।

चुकंदर फेशियल के सभी स्टेप्स को पूरा करने के बाद आप पाएंगे कि आपकी स्किन में पॉजिटिव बदलाव आए हैं। इससे न सिर्फ आपकी स्किन साफ और तरोताजा बनेगी, बल्कि सॉफ्ट और शाइनी बन जाएगी। ठीक वैसे जैसे ग्लास स्किन होती है। इस फेशियल को सप्ताह में एक बार इस्तेमाल करने से आपकी स्किन की रंगत में सुधार होता है, स्पॉट्स आदि कम होते हैं और बिना किसी खर्चे के आपको शीशे जैसी चमकती स्किन मिलेगी।



## क्या यूरिक एसिड में चना खा सकते हैं?

हाई यूरिक की समस्या समय के साथ बेहद गंभीर रूप लेनी लगती है। आपको ये जानकर हैरानी हो सकती कि जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है तो इसकी पथरियां आपकी किडनी में जमा होने लगती है। इसके अलावा ये शरीर के तमाम अंगों को भी प्रभावित करने लगता है जैसे कि ये हड्डियों के बीच पथरियों के रूप में जमा हो जाता है और सूजन का कारण बनने लगता है। ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि आप हाई प्रोटीन वाले फूड्स के सेवन से बचें। तो, ऐसे में सवाल ये है कि हाई यूरिक में चना खाएं या नहीं।

### क्या हाई यूरिक में चना खा सकते हैं?

नहीं, अगर किसी को हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो उसे चना, चने की दाल और चने की बनी तमाम चीजों को खाने से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए कि चने में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है जिससे यूरिक एसिड की समस्या तेजी से बढ़ती है। इतना ही नहीं अगर किसी को पहले से ही हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो चना खाना सूजन को ट्रिगर कर सकता है और दर्द का कारण बन सकता है। तो, इन तमाम कारणों से आपको हाई यूरिक एसिड में चना खाने से बचना चाहिए।

### अगर खाएं तो कैसे खाएं?

अगर आपका यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है तो आपको चने को बिलकुल कम मात्रा में खान चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि इसे अंकुरित करके या फिर इस उबालकर खाएं। इस तरह से चने में फाइबर की मात्रा बढ़ती है जो कि पाचन क्रिया को इतना तेज कर देता है कि चने में मिलने वाला प्रोटीन पच जाता है। साथ ही ये मल में थोक जोड़ने का काम करता है जिससे पेट साफ होता है, प्यूरिन मल के साथ बाहर निकल जाता है और यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

तो, पहले तो चना खाने से परहेज करें और अगर आप खा भी रहे हैं तो इन बातों का ख्याल रखें। ऐसे करना आपको यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इसकी जगह आप मूंग जैसी दाल का सेवन कर सकते हैं।

# घर पर बना रहे हैं पंजाबी दाल तड़का, ये टिप्स आएंगे आपके बेहद काम

**जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो ऐसे में सिर्फ एक ही दाल का इस्तेमाल करने से बचें। इसकी जगह आप एक हिस्सा अरहर की दाल, एक हिस्सा मसूर और थोड़ा सा मूंग डालें। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे दाल में एकदम बढ़िया क्रीमी और टेस्टी बनती है।**

जब कुछ हल्का लेकिन टेस्टी खाने का मन होता है तो हम अक्सर दाल खाना पसंद करते हैं। अमूमन दाल को घर-घर में अलग तरीकों से बनाया जाता है। लेकिन अगर आपको चटपटा खाना पसंद आता है तो ऐसे में आप पंजाबी दाल तड़का बनाकर उसका स्वाद चख सकते हैं। पंजाबी दाल तड़का में लहसुन की खुशबू और ऊपर से लगाया हुआ तड़का आपको स्वाद की एक अलग दुनिया में लेकर आता है। आप दाल तड़का को चावल के साथ या फिर तंदूरी रोटी के साथ खा सकते हैं।

लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि हर बार दाल वैसी नहीं बनती। कभी ज़्यादा पानीदार हो जाती है तो कभी इसका स्वाद उतना अच्छा नहीं आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप पंजाबी दाल तड़का बनाते हुए कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करें। इन टिप्स की मदद से आपकी दाल एकदम रेस्टोरेंट स्टाइल बनती है और हर किसी को वह खाने में बेहद ही अच्छी लगती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पंजाबी दाल तड़का बनाते समय फॉलो किए जाने वाले कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

### अलग-अलग दालों का करें इस्तेमाल



जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो ऐसे में सिर्फ एक ही दाल का इस्तेमाल करने से बचें। इसकी जगह आप एक हिस्सा अरहर की दाल, एक हिस्सा मसूर और थोड़ा सा मूंग डालें। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे दाल में एकदम बढ़िया क्रीमी और टेस्टी बनती है।

### दाल को आधे घंटे भिगोएं

दाल को कभी भी सीधे ही उबालने के लिए नहीं रखना चाहिए। इसकी जगह आप इसे कम से कम 30 मिनट भिगो कर रखें। इससे दाल जल्दी पकती है, बराबर पकती है और पाचन भी आसान होता है। ये रेस्टोरेंट वाली स्मूथ दाल की टेक्सचर का राज है।

### दाल को अच्छी तरह पकाएं

जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह पूरी तरह नरम होनी चाहिए, दानेदार नहीं। इसके लिए दाल में कम से कम 3-4 सीटी लगाओ, फिर अच्छी तरह मैश करो। मैश करने से दाल चिकनी और क्रीमी बनती है, जो रोटी या चावल के साथ खाने में काफी अच्छी लगती है।

### तड़के का रखें ख्याल

पंजाबी दाल तड़का का असली स्वाद उसके तड़के में छिपा होता है, इसलिए आप उसके साथ किसी तरह का समझौता ना करें। तड़के के लिए देसी घी का इस्तेमाल करें। सबसे पहले उसे अच्छे से गरम करो, फिर जीरा, हींग, लहसुन और प्याज डालो। गरम घी में जीरा और लहसुन का पूरा स्वाद आता है और उसकी खुशबू निकलती है। अब आप इसे ठंडे घी में डालोगे तो वो क्रैकलिंग नहीं करेगा और फ्लेवर भी नहीं आएगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com